শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

àß-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 142 | गुवाहाटी | सोमवार, 18 दिसंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

कानूनी क्षेत्र से जुड़े लोग वंचितों के लिए न्याय सुनिश्चित करें : राज्यपाल पेज 2
यूपीएल पार्टी के 46 नेता बीपीएफ में हुए शामिल पेज 3
मोदी सरकार ने दिया गवर्नेंस का नया मॉडल : मंत्री शेखावत पेज 5
ईर्ष्या से ग्रसित इंसान स्वयं को पहुंचाता है नुकसान पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

**सुप्रभात**

*एक राजा की ताकत उसकी शक्तिशाली भुजाओं में होती है। ब्राहमण की ताकत उसके आध्यात्मिक ज्ञान में और एक औरत की ताकत उसकी खूबसूरती, यौवन और मधुर वाणी में होती है।*

– आचार्य चाणक्य

# ब्रह्मांड की कोई ताकत अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं करा सकती : पीएम



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ गया है, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अनुच्छेद 370 की बहाली पर विपक्षी दलों को दो टूक जवाब दिया है। एक इंटरव्यू में मोदी ने अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस अनुच्छेद को रद्द किए जाने पर अपनी मुहर लगा दी है और *अब ब्रह्मांड की कोई ताकत इसे वापस नहीं ला सकती*।प्रधानमंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर मुहर लगा दी है कि एक देश में किसी तरह से दो विधान नहीं चल सकते हैं। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 का हटना किसी राजनीति से ज्यादा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लिए जरूरी था। जम्मू-कश्मीर में विकास और वहां के लोगों के आसान जीवन के लिए जरूरी था। पीएम मोदी ने पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस पर निशाना साधते हुए कहा कि इसे कुछ परिवारवादियों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए मुट्ठी में बंद कर लिया था। जम्मू-कश्मीर का आमजन न तो किसी स्वार्थ भरी राजनीति का हिस्सा है और न ही बनना चाहता है। वो अतीत की परेशानियों से निकलकर देश के आम नागरिक की तरह बिना भेदभाव के अपने बच्चों का भविष्य और अपना वर्तमान सुरक्षित करना चाहता है। प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की तस्वीर बदल गई है। अब वहां सिनेमा हॉल चल रहे हैं। वहां पर टेररिस्ट नहीं, अब टूरिस्ट्स का मेला है। अब वहां पत्थरबाजी नहीं होती बल्कि फिल्मों की शूटिंग हो रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज भी राजनीतिक स्वार्थ में जो लोग अनुच्छेद 370 को लेकर भ्रम फैला रहे हैं, उन्हें मैं दो टूक कहूंगा- अब ब्रह्मांड की कोई ताकत अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं करा सकती है। इससे पहले संसद में बोलते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि हमारी सरकार के धारा 370 पर लिए गए फैसले को इतिहास याद रखेगा। उन्होंने कहा कि अुनच्छेद 370 अलगाववाद को बल देती थी और इसी वजह से आतंकवाद खड़ा हुआ। जम्मू-कश्मीर में जो युवा कभी पत्थर लेकर घूमते थे अब उनके हाथों में हमारी सरकार ने लैपटॉप दे दिया है। हम फैसला ले सकते हैं, भाग नहीं सकते। उन्होंने कहा कि सही समय आने पर जम्मू कश्मीर में चुनाव कराएंगे, सही समय पर राज्य का दर्जा देंगे।

## पीओके में किसी भी सुबह लहरा सकता है तिरंगा : केंद्रीय मंत्री प्रमाणिक

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने लंबे समय से जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से पर कब्जा कर रखा है। भारत 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पाक अधिकृत कश्मीर को वापस हासिल कर पाएगा? इसको लेकर देश में एक नई बहस ने जन्म ले लिया है। दरअसल, गृह मंत्री अमित शाह ने संसद के शीतकालीन सत्र में एक बिल पर चर्चा के दौरान पीओके को लेकर बड़ा बयान दिया है। इसके बाद अटकलों का दौर शुरू हो गया है। वहीं अब केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निसित प्रमाणिक ने एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू के दौरान पीओके को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में किसी भी दिन तिरंगा लहरा सकता है। गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर निसित प्रमाणिक ने -शेष पृष्ठ दो पर

## सीएम ने मिनी स्टेडियम का किया शिलान्यास



**गुवाहाटी (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कामरूप जिले के बोंगशर में एक नए मिनी स्टेडियम के निर्माण की समारोहपूर्वक आधारशिला रखी। उसी स्थान पर, मुख्यमंत्री ने जालुकबाड़ी विधान सभा क्षेत्र के उन छात्रों को भी सम्मानित किया, जिन्होंने पिछली 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी हासिल की थी। कार्यक्रम में बोलते हुए, मुख्यमंत्री डॉ शर्मा ने कहा कि मिनी स्टेडियम के लिए 12 करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की गई है, जो 11 बीघे भूमि पर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 500 सीटों की क्षमता वाले मंडप के साथ-साथ एक फुटबॉल स्टेडियम और दो वॉलीबॉल कोर्ट भी होंगे। यह कहते हुए कि आगामी स्टेडियम में चार लाइट स्टैंड लगाने की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री -शेष पृष्ठ दो पर

## पूर्व कांग्रेसी विधायक की हत्या, संदिग्ध उग्रवादियों ने मारी गोली

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के तिरप जिले के एक गांव में एक संदिग्ध उग्रवादी ने पूर्व विधायक की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना पूर्वाह्न करीब तीन बजे राहो गांव के पास हुई, जो म्यांमा सीमा के करीब है। तिरप के पुलिस अधीक्षक (एसपी) राहुल गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस के पूर्व विधायक यमसेन माटे अपने तीन समर्थकों के साथ किसी निजी काम से गांव गए थे, तभी कोई उन्हें -शेष पृष्ठ दो पर

## सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, सब इंस्पेक्टर शहीद



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक अधिकारी शहीद हो गया जबकि एक जवान गंभीर से घायल है। घायल जवान को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में सीआरपीएफ की 165वीं -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### विस्फोटक बनाने वाली कंपनी में धमाका, नौ की मौत

**नागपुर।** नागपुर के बाजारगांव गांव में सोलर एक्सप्लोसिव कंपनी में आज जबरदस्त धमाका हुआ जिसमें कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई। यह ब्लास्ट सोलर एक्सप्लोसिव कंपनी में कास्ट बूस्टर प्लांट में पैकिंग के वक्त हुआ। ये जानकारी नागपुर ग्रामीण पुलिस ने दी है। बताया जा रहा है कि इस धमाके में 9 लोगों के मौत की आशंका है। अधिकारियों के मुताबिक, जब धमाका हुआ तो सोलर -शेष पृष्ठ दो पर

### परमाणु हमले का परिणाम किम शासन का अंत होगा : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने उत्तर कोरिया को चेतावनी दोहराते हुए कहा है कि अमेरिका पर किसी भी परमाणु हमले का परिणाम *किम शासन का अंत* होगा। खबरों के अनुसार अमेरिकी प्रशासन की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। अमेरिकी-दक्षिण कोरियाई परमाणु सलाहकार समूह के एक संयुक्त बयान में यह भी पुष्टि की गई कि -शेष पृष्ठ दो पर

## वायु सेना ने खुद अपने लिए तैयार किया स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम समर



**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय वायु सेना ने अभ्यास *अस्त्र शक्ति* के दौरान स्वदेशी वायु रक्षा प्रणाली *समर* का सफल फायरिंग परीक्षण किया है। वायु सेना स्टेशन सूर्य लंका में आयोजित अभ्यास के दौरान इन-हाउस डिजाइन और विकसित सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली ने पहली बार भाग लेकर विभिन्न संलग्न परिदृश्यों में फायरिंग परीक्षण उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल किया। इस वायु रक्षा मिसाइल का भारतीय वायुसेना के रखरखाव कमान के तहत एक इकाई -शेष पृष्ठ दो पर

## काशी तमिल संगमम देश के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को मजबूत करेगा : प्रधानमंत्री



**वाराणसी (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नमोघाट पर काशी और तमिलनाडु के रिश्ते को प्रगाढ़ करने वाले काशी तमिल संगमम के दूसरे संस्करण का उद्घाटन रिमोट से किया। साथ ही काशी तमिल एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। कार्यक्रम में दक्षिण भारत के पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु से आए छात्रों के दल का *वणक्कम काशी* कह स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु से काशी आने का मतलब है भगवान महादेव के एक घर से दूसरे घर आना है। काशी और मदुरै का उदाहरण हमारे सामने हैं। दोनों के महान मंदिरों के शहर हैं दोनों महान तीर्थ स्थल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जहां मदुरै वगई के तट पर स्थित है और काशी गंगा -शेष पृष्ठ दो पर

## साहिबगंज में कोयला लदी मालगाड़ी बेपटरी, लाखों का नुकसान



**साहिबगंज (झारखंड) (हि.स.)।** राज्य के साहिबगंज जिले के बोरियो प्रखंड के तेलो बथान टोला में मालगाड़ी का वैक्यूम काटने के कारण ट्रेन बेपटरी हो गई। गनीमत रही कि इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटनास्थल पर ट्रैक को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है। अनुमान है कि ट्रैक को दुरुस्त करने में तीन दिन का समय लग सकता है। फरक्का से क्रेन और कई तरह की मशीनें मंगाई जा रही हैं। इस हादसे से एनटीपीसी को लाखों के नुकसान का अनुमान है। बताया जाता है कि रविवार सुबह करीब 3.30 बजे एनटीपीसी का कोयला लेकर ललमटिया से फरक्का -शेष पृष्ठ दो पर

## पुराने क्लब की तरह है यूएनएससी, हर कोई इस पर पाना चाहता नियंत्रण : जयशंकर



**बेंगलुरु।** केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को एक पुराना क्लब बताया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद एक पुराने क्लब की तरह है, जहां ऐसे सदस्य हैं जो क्लब से अपनी पकड़ छोड़ना नहीं चाहते। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि सुरक्षा परिषद एक पुराने क्लब की तरह है। यहां ऐसे सदस्य हैं, जो सिर्फ क्लब पर नियंत्रण रखना चाहते हैं। वह इसमें अधिक सदस्यों को शामिल नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक मानवीय विफलता है। मुझे लगता है कि आज यह दुनिया को नुकसान पहुंचा रहा है। क्योंकि दुनिया के सामने आने वाले प्रमुख मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र कम से कम प्रभावी होता जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मैं आपको वैश्विक भावना भी बता सकता हूं। मेरा मतलब है, आज अगर आप दुनिया के 200 देशों से पूछें। क्या आप सुधार चाहते हैं या नहीं। इस पर बड़ी संख्या में देश हां कहेंगे। जयशंकर -शेष पृष्ठ दो पर

*संसद की सुरक्षा में चूक पर पीएम बोले-*

## घटना के पीछे कौन...क्या हैं उनके मंसूबे-गहराई में जाना जरूरी



**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में चूक वाली घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान सामने आया है। पीएम मोदी ने संसद की सुरक्षा में हुई चूक पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की गहराई में जाना जरूरी है, इसलिए जांच एजेंसियां इस घटना पर सख्ती के साथ जांच कर रही है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी को ऐसे विषयों पर वाद-विवाद या प्रतिरोध से बचना चाहिए। पीएम मोदी ने एक अखबार को दिए इंटरव्यू में कहा कि संसद में जो घटना हुई है, वह बहुत दुखद और चिंताजनक है। इसकी गंभीरता को जरा भी कम नहीं आकंना चाहिए। स्पीकर महोदम ओम बिरला गंभीरता के साथ इस मामले को लेकर सभी जरूरी कदम उठा रहे हैं। जांच एजेंसियां सख्ती से जांच कर रही हैं। पीएम मोदी ने कहा इसके पीछे कौन-से तत्व हैं और उनके मंसूबे क्या हैं। इसकी गहराई में जाना जरूरी है। हमें एक साथ आकर समाधान के रास्ते खोजने चाहिए। ऐसे विषय पर प्रतिरोध से सभी को बचना चाहिए। तेरह दिसंबर को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन के अंदर कूद गए थे। विपक्षी दल गृह मंत्री अमित शाह से इस मामले पर बयान देने की मांग कर रहे हैं, कुछ नेताओं ने शाह के इस्तीफे की भी मांग की है। सरकार का कहना है कि संसद परिसर की सुरक्षा लोकसभा सचिवालय की जिम्मेदारी है और वह अध्यक्ष के निर्देशों का पालन करती रही है। उसने अतीत में हुई चूक की इस प्रकार की कई घटनाओं का -शेष पृष्ठ दो पर

*आंखें फोड़ी फिर काटा प्राइवेट पार्ट*

## पुजारी की निर्मम हत्या से दहला गोपालगंज, मचा बवाल



**पटना।** बिहार के गोपालगंज में एक दुखद घटना सामने आई है जहां मंदिर के पुजारी को गोली मार दी गई। हत्यारों ने पुजारी को न सिर्फ गोली मारी, बल्कि उसकी दोनों आंखें और उसके प्राइवेट पार्ट को काट दिया। शव मिलने से छह दिन पहले शिव मंदिर में सेवा करने वाले पुजारी मनोज कुमार लापता हो गए थे। जिसके बाद पुजारी का शव मिला और उसके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे। पुजारी मनोज के लापता होने की सूचना पुलिस को दी गई थी, -शेष पृष्ठ दो पर

## आई.एन.डी.आई.ए. की चौथी बैठक में सीट बंटवारे पर होंगे निर्णायक फैसले




**नई दिल्ली।** कांग्रेस की हिन्दी पट्टी के तीन राज्यों में हुई हार से बढ़ी विपक्षी खेमे की बेचैनी के बीच मंगलवार को होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक में इससे उबरने का रास्ता निकालने के साथ 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों को रफ्तार देने की रूपरेखा तय की जाएगी। बैठक से जुड़ी सियासी सरगर्मियों के संकेतों से साफ है कि भाजपा को मजबूत चुनौती देने के लिए विपक्षी दलों के बीच सीटों का बंटवारा पहली प्राथमिकता है। पांच राज्यों के चुनाव बाद की वास्तविकताओं को भांपते हुए सीट बंटवारे को गति देने की प्रक्रिया पर कांग्रेस भी अब लचीला रूख अपनाने के संकेत दे रही है। इस लिहाज से विपक्षी गठबंधन की चौथी बैठक में सीटों के बंटवारे की रूपरेखा तय हो जाने के आसार हैं। विपक्षी गठबंधन का संयुक्त सचिवालय और प्रवक्ताओं का पैनल बनाने से लेकर विपक्षी गठबंधन के वैकल्पिक सियासी नैरेटिव पर भी इस बैठक में निर्णायक फैसला लिया जाएगा। विपक्षी गठबंधन से जुड़े सूत्रों के अनुसार, हिन्दी पट्टी के तीन राज्यों में भाजपा की वापसी के बाद विपक्षी खेमे के पास लोकसभा -शेष पृष्ठ दो पर

## बेटे की चाहत में खाया बच्ची का कलेजा, चार को उम्रकैद



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक दरिंदगी की ऐसी घटना देखने को मिली जिससे किसी की भी रूह काप उठे। दरअसल, यहां एक मासूम बच्ची का कलेजा निकाल कर खाने का मामला सामने आया है जिसके आरोप में दंपती को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। उनके साथ इस घटना में सहयोग करने वाले दो आरोपियों को भी उम्र कैद की सजा दी गई है। मामला तीन साल पहले कानपुर देहात का था जहां एक सात साल की बच्ची का दो लोगों ने पहले अपहरण किया फिर उसके साथ गैंगरेप किया -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# कानूनी क्षेत्र से जुड़े लोग वंचितों के लिए न्याय सुनिश्चित करें : राज्यपाल

**गुवाहाटी।** असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने न्याय प्रणाली से जुड़े लोगों से वंचितों के लिए न्याय सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, राज्यपाल ने शनिवार को यहां गौहाटी उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के *प्लैटिनम जुबली* समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बार एसोसिएशन को कमजोर और वंचितों को कानूनी सेवाएं प्रदान करने को प्राथमिकता देनी चाहिए और न्याय प्रणाली से जुड़े लोगों को वंचितों के लिए न्याय सुनिश्चित करना चाहिए। कटारिया ने गौहाटी उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि इसने ऐसे वकील तैयार किए हैं जिन्होंने न केवल न्यायिक प्रणाली के शिखर पर काम किया



है, बल्कि कानूनी सेवाओं के व्यापक विस्तार में भी योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि यह एसोसिएशन व्यक्तिगत अधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ सुरक्षा मुहैया कराने का काम करती है और यह सुनिश्चित करती है कि गलत काम करने वालों को उनके कृत्यों के लिए उचित सजा मिले। राज्यपाल ने संभावित अपराधियों को रोकने और समाज में जवाबदेही तथा जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने में एसोसिएशन की भूमिका को भी रेखांकित किया। विज्ञप्ति के अनुसार, इस समारोह में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां, गौहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (कार्यवाहक) लानुसुंगकुम जमीर, गौहाटी उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मृणाल कुमार चौधरी, गौहाटी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# संसद भवन चूक मामले में अनावश्यक तौर पर घसीटा जा रहा बंगाल का नाम : ममता

**कोलकाता (हि.स.)।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि हाल ही में संसद भवन में हुई सुरक्षा में सेंधमारी से जानबूझकर पश्चिम बंगाल को जोड़ा जा रहा है, ताकि वहां की गंभीर सुरक्षा खामियों से ध्यान भटकाया जा सके। नई दिल्ली रवाना होने से पहले नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मामले के मुख्य आरोपित ललित झा का पश्चिम बंगाल से कोई घनिष्ठ संबंध नहीं है। उन्होंने झा के कथित बंगाल कनेक्शन के बारे में अपनी पहली टिप्पणी में कहा कि उसके बिहार और झारखंड से संबंध थे, पश्चिम बंगाल से नहीं। इसलिए अनावश्यक रूप से इस मामले में हमारे राज्य का नाम घसीटा जा रहा है। बनर्जी ने स्वास्थ्य केंद्रों को भगवा रंग में रंगने संबंधी केंद्र के निर्देश का जिक्र करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पार्टी यह भी तय करने की कोशिश कर रही है कि लोगों को क्या खाना या पहनना चाहिए।



*कोकराझाड़, बासुगांव रामकृष्ण मिशन की ओर से आज आदिवासी इलाकों में शीतवस्त्र वितरित करते स्वामी कृपानंद महाराजजी।*

# बच्चों के साथ करेंगे *परीक्षा पर चर्चा* पीएम

**प्रयागराज (हि.स.)।** छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र गोदी का अनूठा इंटरेक्टिव कार्यक्रम *परीक्षा पे चर्चा* के सातवें संस्करण का आयोजन जनवरी-फरवरी में नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित है। इसमें कक्षा 6 से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। यह जानकारी यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने रविवार को देते हुए बताया कि परीक्षा पे चर्चा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पंजीकृत करने और चयन करने के लिए 12 जनवरी तक https:nnovateindia.mygov.in/ppc-2024/ पर एक ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्न प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

# बांग्लादेश में पहाड़ी पर मिला बंदूक बनाने का कारखाना, चार गिरफ्तार

**ढाका (हि.स.)।** बांग्लादेश में सात जनवरी को होने वाले आम चुनाव में हिंसा की आशंका के मद्देनजर अवैध हथियारों की बरामदगी के लिए शुरू किए गए रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) के अभियान में बड़ी कामयाबी मिली है। आरएबी ने कॉक्स बाजार के रामू उपजिला के अंतर्गत ईदगढ़ के तुलाटाली क्षेत्र में एक पहाड़ी के अंदर हथियार बनाने का कारखाना खोजा। यहां से चार लोगों को गिरफ्तार कर आग्नेयास्त्रों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जब्त की। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, चुनाव आयोग के आदेश पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने देशव्यापी अभियान शुरू किया है। 23 दिवसीय यह अभियान 24 दिसंबर को पूरा होगा। आरएबी को कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान यह सफलता मिली। यह गिरोह देशभर में हथियार की आपूर्ति करता है। कारखाने से गिरफ्तार किए गए लोगों में साहबुद्दीन (40), लाल मिया (58) मेनुद्दीन (43) और जफर आलम (41) शामिल हैं।

# पृष्ठ एक का शेष

## पीओके में किसी ...

कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जैसे सख्त निर्णय लेने वाले हों तो कोई भी फैसला लिया जा सकता है। अगर कश्मीर से अनुच्छेद 370 को उखाड़ फेंका जा सकता है और तिरंगा झंडा लाल चौक में फहराया जा सकता है तो फिर एक दिन आप सुबह उठकर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में भारतीय झंडे को लहराते हुए देख सकते हैं। कोई आश्चर्य नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि देश का नेतृत्व दो मजबूत लोग कर रहे हैं, जो देश के सम्मान और हित के लिए जरूरी काम कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को भी भारत का हिस्सा मानती है। क्या लोकसभा चुनाव से पहले पीओके भारत में शामिल होगा, के जवाब में भाजपा नेता ने कहा कि वो मैं नहीं कह सकता। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री काम करने से पहले कुछ नहीं बोलते हैं। अनुच्छेद 370 के हटाए जाने के 2 दिन पहले तक इसकी जानकारी नहीं थी। पीओके को लेकर बने अटकलों और उम्मीदों के बीच उन्होंने कहा कि यह ऐसा नहीं है। पीओके पर अभी भी पाकिस्तान का कब्जा है, लेकिन यह भारत का हिस्सा है। हम इस पर दृढ़ता से विश्वास करते हैं। कश्मीर में सीट बंटवारे के मामले में हमने पीओके से सीटें रखी हुई हैं और उम्मीदवारों को नामांकित भी किया है। मैं आपके चैनल के माध्यम से यह कहना चाहूंगा कि पीएम और गृह मंत्री जो कहते हैं, उसे लागू भी करते हैं। दरअसल, जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाना मोदी सरकार के सबसे मजबूत फैसलों में से एक माना जाता है।

## सीएम ने मिनी स्टेडियम...

ने बाद में इसकी आवश्यकता महसूस होने पर फ्लड-लाइट लगाने की संभावना के बारे में भी बताया। शुवालकुची में निर्माणाधीन स्टेडियम का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री डॉ शर्मा ने कहा कि इसकी निर्माण गतिविधियां पूरी होने वाली हैं। उन्होंने कहा कि अमीनगांव में एक विशाल स्टेडियम के लिए निर्माण गतिविधियां जल्द ही शुरू होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने आगे विश्वास जताया कि पलाशबाड़ी को जलुकबाड़ी से जोड़ने वाला ब्रह्मपुत्र नद पर बनने वाला पुल जालुकबाड़ी क्षेत्र की प्रगति और विकास की दिशा में एक नई गति प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ शर्मा ने जालुकबाड़ी क्षेत्र से बड़ी संख्या में छात्रों पर भी खुशी व्यक्त की, जिन्होंने पिछली हाई स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट (एचएसएलसी) और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी हासिल की थी। मुख्यमंत्री डॉ शर्मा ने कहा कि इस वर्ष के आंकड़ों और वर्ष 2002 के आंकड़ों के बीच का अंतर, जब जालुकबाड़ी क्षेत्र के छात्रों को पहली बार उनके द्वारा सम्मानित किया गया था, यह उस प्रगति का प्रतिबिंब है जो क्षेत्र ने शिक्षा के क्षेत्र में हासिल करने में कामयाबी हासिल की है। मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों के माता-पिता को बोर्ड परीक्षाओं में उनके बच्चों के उत्कष्ट परिणाम के लिए बधाई दी। उन्होंने उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले छात्रों से जिम्मेदारी और समर्पण की भावना के साथ अपनी शैक्षिक यात्रा जारी रखने की अपील की। उन्होंने छात्रों से पारंपरिक विषयों से हटकर नए विषयों और स्ट्रीम में उच्च शिक्षा हासिल करने की संभावनाएं तलाशने की अपील की। यह कहते हुए कि सभी के लिए उज्ज्वल करियर के पर्याप्त अवसर हैं, उन्होंने छात्रों से अपने दृष्टिकोण में आशावादी रहने के लिए कहा। उन्होंने आगे कहा कि एक समय था जब असम में 200 एमबीबीएस सीटें थीं; आज, 1200 हैं। शर्मा ने दर्शकों से यह पहचानने का आग्रह किया और कहा कि दुनिया निराशा की जगह नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान वैश्विक स्थिति कुछ व्यक्तियों के प्रयासों का परिणाम है। प्रभावशाली हस्तियों के साथ समानताएं बनाते हुए उन्होंने कहा कि अगर आइंस्टीन निराश होते, तो लोग विज्ञान के चमत्कार नहीं देख पाते। अगर सचिन तेंदुलकर निराश होते तो लोग क्रिकेट की चमक नहीं देख पाते। अगर नरेंद्र मोदी निराश होते तो लोग इस नए भारत को नहीं देख पाते। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि निराशा हमारा दुश्मन है; आशा हमारी मित्र है। उन्होंने प्रगति और विकास को आगे बढ़ाने में सकारात्मकता की भूमिका को रेखांकित करते हुए नागरिकों को सकारात्मकता अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। अपने संबोधन में, सीएम शर्मा ने उनके जीवन को आकार देने में उनके निर्वाचन क्षेत्र, जालुकबाड़ी द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के लिए गहरी सराहना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने वर्षों से विकसित अपने व्यक्तिगत संबंधों को बताते हुए अपनी भावनाएं साझा कीं। आज, मैं इस उल्लेखनीय निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति के सुख और दुख को सुनने का सौभाग्य प्राप्त करने के लिए कृतज्ञता की अत्यधिक भावना महसूस कर रहा हूं। छात्रों के साथ स्थायी बंधन पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने व्यक्त किया कि हालांकि आप में से कुछ लोग अब माता-पिता बन सकते हैं, लेकिन हर छात्र मेरा बच्चा है और हमेशा रहेगा। जिस प्रकार एक बच्चे की सफलता उसके माता-पिता को गौरवान्वित करती है, उसी प्रकार जालुकबाड़ी में प्रत्येक छात्र का विकास और उपलब्धियां मुझे व्यक्तिगत रूप से गौरवान्वित करती हैं। आज के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा, असम सरकार के शिक्षा सलाहकार नोनी गोपाल महंत सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## पूर्व कांग्रेसी विधायक ...

किसी बहाने जंगल की ओर ले गया और गोली मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने अपराधी की तलाश में अभियान चलाया। एसपी ने उग्रवादी की पहचान पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, हालांकि रक्षा सूत्रों ने हत्या में एनएससीएन-केवाईए की संलिप्तता के संकेत दिए हैं। माटे 2009 में कांग्रेस के टिकट पर खोंसा पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए थे। वह 2015 में भाजपा में शामिल हो गए थे और इस साल की शुरुआत में, 2024 का विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त की थी। राजनीति में आने से पहले उन्होंने चांगलांग जिले में जिला वयस्क शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्य किया था।

## सुरक्षाबलों और नक्सलियों ...

बटालियन के उप निरीक्षक सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए तथा आरक्षक रामू गोली लगने से घायल हो गए। बस्तर संभाग में इस माह अलग-अलग नक्सली घटनाओं में तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं और सात अन्य घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह सात बजे जगरगुंडा थाने के अंतर्गत बेदरे शिविर से सीआरपीएफ की 165वीं बटालियन की कंपनी उर्सांगल गांव की तरफ अभियान पर निकली थी। अधिकारियों ने बताया कि घायल जवान का प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने आस-पास के इलाके में अभियान चलाकर चार संदिग्धों को पकड़ा है। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है। राज्य के जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और शहीद को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को घायल जवान को उचित इलाज मुहैया कराने का भी निर्देश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने घटना के बाद उच्च स्तरीय बैठक कर नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि बैठक में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि साय ने अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हिंसा नक्सलियों की बौखलाहट को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विकास से लोगों का विश्वास जीतेंगे तथा केंद्र सरकार के सहयोग से नक्सलवाद का ख़ात्मा करेंगे। राज्य के बस्तर क्षेत्र, जिसमें कांकेर, कोंडगांव, नारायणपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिले शामिल हैं, में दो दिसंबर से अब तक अलग-अलग नक्सली घटनाओं में तीन सुरक्षाकर्मी शहीद हुए हैं तथा सात अन्य घायल हुए हैं। कांकेर जिले में 14 दिसंबर को नक्सलियों द्वारा किए गए विस्फोट में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान शहीद हो गया था। वहीं, 13 दिसंबर को नारायणपुर जिले में नक्सली हमले में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) का एक जवान शहीद हो गया था।

## साहिबगंज में कोयला ...

जा रही एक मालगाड़ी बेपटरी हो गई। ट्रेन की चार बोगी बोरियो प्रखंड के तेलो बथान टोला के पास बेपटरी हो गई। रात दो बजकर 30 मिनट के करीब कोयला चोरों के द्वारा मालगाड़ी का वैक्यूम खोल देने के कारण ट्रेन घंटों रुकी रही। इसके बाद जैसे ही ट्रेन आगे बड़ी वैसे ही मालगाड़ी की चार कोयला लदी बोगी रेलवे ट्रैक से नीचे उतर गई। इस दुर्घटना की जानकारी मिलते ही एनटीपीसी फरक्का के जीएम और डीजीएम ने घटनास्थल का मुआयना किया। ये घटना कैसे घटी इसकी भी जानकारी ली जा रही है। कोयला लदी ट्रेन ललमटिया से फरक्का थर्मल पावर के लिए जा रही थी लेकिन इस हादसे से कोयला आपूर्ति ठप हो गई है। प्रतिदिन इस रूट में छह मालगाड़ी का परिचालन होता है। इसमें तीन खाली और तीन मिट्रिक टन कोयला लेकर ट्रेन जाती है। प्रतिदिन तीन कोयला लदी ट्रेन फरक्का जाती है। रविवार को भी कोयला लदी 48 बोगी को लेकर मालगाड़ी जा रही थी। इसी दौरान ये हादसा हो गया। एक बोगी में 70 मिट्रिक टन कोयला रहता है यानी तीन हजार 360 मिट्रिक टन कोयला लेकर ये मालगाड़ी जा रही थी।

## वायु सेना ने खुद ...

ने विकसित किया है। यह प्रणाली मैक 2 से 2.5 की गति सीमा पर चलने वाली मिसाइलों के साथ हवाई खतरों का मुकाबला कर सकती है। समर प्रणाली में एक ट्विन बुर्ज लॉन्च प्लेटफॉर्म शामिल है, जिसमें खतरे के परिदृश्य के आधार पर सिंगल और सैल्वो मोड में दो मिसाइलों को लॉन्च करने की क्षमता है। सुनिश्चित प्रतिशोध के लिए यह सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। इसे वायु सेना के 7 बेस रिपेयर डिपो और 11 बेस रिपेयर डिपो ने सिमरन फ्लोटेक इंडस्ट्रीज और यामाजुकी डेन्की के साथ साझेदारी में विकसित किया है। *समर* छोटी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली है, जो रूसी मूल की विम्पेल आर-73 और आर-27 हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का उपयोग करती है। भारतीय वायु सेना बेस रिपेयर डिपो (बीआरडी) ने सुनिश्चित प्रतिशोध के लिए सतही वायु मिसाइल (एसएएमएआर) वायु रक्षा प्रणाली विकसित की है, जो नवीनीकत रूसी आपूर्ति वाली विम्पेल आर-73 ई इन्फ्रारेड निर्देशित हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों (एएएम) से बनी है। सतह से हवा में कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली के रूप में उपयोग करने के लिए मंजूरी दे दी गई है। एयरो इंडिया-2023 में प्रदर्शित की गई *समर* वायु रक्षा प्रणाली ने सभी फायरिंग परीक्षण पूरे कर लिए हैं। यूएवी, हेलीकॉप्टरों और लड़ाकू जेटों से निम्न-स्तरीय उड़ान वाले हवाई लक्ष्यों के खिलाफ इसकी सीमा 12 किमी. है। भारतीय वायु सेना के एक अधिकारी ने बताया कि दरअसल, वायु सेना के पास हजारों विम्पेल आर-73 ई की सूची है, जिन्होंने अपनी उड़ान शेल्फ लाइफ पूरी कर ली है। ये अब लड़ाकू जेट से उपयोग करने के लिए सुरक्षित नहीं हैं, इसलिए उन्हें कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली के रूप में एक नई भूमिका समर के रूप में दी गई है।

## काशी तमिल संगमम...

तट पर स्थित है। तमिल साहित्य में वगई और गंगई दोनों के बारे में लिखा गया है। जब हम इस विरासत को जानते हैं हमें इस रिश्तों के गहराई का भी एहसास होता है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है तमिल संगमम से प्राचीन परंपरा के जरिए युवाओं में उत्साह बढ़ा है। तमिल के युवा काशी, प्रयागराज जा रहे हैं। काशी आने वाले तमिल लोगों को अयोध्या जाने की भी व्यवस्था की गई है। महादेव के साथ रामेश्वरम की स्थापना करने वाले भगवान श्रीराम का दर्शन का सौभाग्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते एक साल के दौरान काशी विश्वनाथ धाम आने वाले तमिल तीर्थयात्रियों में भारी वृद्धि हुई है। काशी के धार्मिक महत्व के कारण देशभर से लोग यहां आते रहे हैं। यह भारत में आस्था, संस्कृति और आध्यात्मिक जागरूकता का केंद्र है। काशी की तरह तमिलनाडु भी संस्कृति का केंद्र रहा है। भारत में संस्कृत और तमिल साहित्य सबसे प्राचीन है। यह समावेशी साहित्य समाज में एकता और समानता पैदा करता है। काशी तमिल संगमम हमारे देश के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री ने तमिल भाषा के महाकवि सुब्रमण्य भारती का उल्लेख कर कहा कि काशी के विद्यार्थी रहे सुब्रमण्य भारती ने लिखा था कि काशी में जो मंत्रोच्चार होते हैं, उन्हें तमिलनाडु के कांची शहर में सुनने की व्यवस्था हो जाए तो कितना अच्छा होता। आज महाकवि सुब्रमण्य भारती की वो इच्छा पूरी हो रही है। प्रधानमंत्री ने नए संसद भवन का खासतौर पर उल्लेख कर कहा कि *एक भारत, श्रेष्ठ भारत* की ये भावना उस समय भी नजर आई जब हमने संसद के नए भवन में प्रवेश किया। नए संसद भवन में पवित्र सेंगोल की स्थापना की गई है। तमिल के आदीनम् के संतों के मार्गदर्शन में यही सेंगोल 1947 में सत्ता के हस्तांतरण का प्रतीक बना था। एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना का यही प्रवाह है, जो आज हमारे राष्ट्र की आत्मा को सींच रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को आदि शंकराचार्य और रामानुजाचार्य जैसे संतों ने एक बनाया है, जिन्होंने अपनी यात्राओं से भारत की राष्ट्रीय चेतना को जागृत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी पर जब आक्रमण हो रहे थे तब राजा पराक्रम पांडियन ने तेनकाशी और शिवकाशी में ये कहकर मंदिरों का निर्माण कराया कि काशी को मिटाया नहीं जा सकता। दुनिया की कोई भी सभ्यता देख लीजिए विविधता में आत्मियता का श्रेष्ठ स्वरूप शायद ही कही देखने को मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें उत्तर और दक्षिण के इस संबंध को जानना चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है, काशी-तमिल संगमम का ये संगम, इसी तरह हमारी विरासत को सशक्त करता रहेगा, एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत बनाता रहेगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद रहे।

## पुराने क्लब की ...

ने कनाडा और अमेरिका के साथ संबंधों पर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर कोई जानता है कि भारत एक ऐसा देश है, जहां हम बहुत जिम्मेदार हैं, जो हम करते हैं और हमारे लिए पूरा मुद्दा यह है कि हमने हमेशा इसे बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी देश को कोई चिंता है और वह हमें उसे लेकर कुछ इनपुट या कुछ आधार देता है तो हम उस पर विचार करने के लिए हमेशा तैयार हैं और यही देश करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने कुछ मुद्दे उठाए और उन्होंने हमें कुछ जरूरी बातें बताई। समय-समय पर अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में ऐसी चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। हमने बहुत ईमानदारी से कनाडा के लोगों से कहा है कि यह आपके ऊपर है, मेरा मतलब है कि आप चाहते हैं कि हम इसे आगे देखें या नहीं। इसके अलावा उन्होंने भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंध पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि मैं आपको सुझाव देना चाहूंगा कि पाकिस्तान के साथ संबंध वास्तव में एक अपवाद है। मुझे लगता है कि हमें यह उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि हमारे सभी पड़ोसी हर दिन हमारे साथ सभी मुद्दों पर सहमत होंगे। उन्होंने कहा कि हम निश्चित रूप से चाहेंगे कि चीन के साथ हमारे संबंध आज की तुलना में बेहतर हों, लेकिन अगर पिछले तीन सालों में हालात और कठिन हो गए हैं तो यह हमारे कारण नहीं है। इसलिए कि उन्होंने सीमा पर समझौतों का पालन नहीं करने का चुनाव किया है, लेकिन फिर भी कूटनीति यह है कि आपके पड़ोसी भले ही चुनौतीपूर्ण हों, लेकिन आप कभी हार नहीं मानते। विदेश मंत्री जयशंकर ने हाल ही में भारत में संपन्न हुए जी-20 को कूटनीतिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि जी-20 विश्व कप की तरह है, जहां सबसे बड़े और मजबूत खिलाड़ी एक साथ आए। दुनिया के सबसे प्रभावशाली, शक्तिशाली और पारिणामिक देश एक साथ इकट्ठा हुए।

## घटना के पीछे ...

जिक्र किया और विपक्ष पर इस मामले पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। भाजपा द्वारा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मुख्यमंत्री के तौर पर अपेक्षाकृत *नए एवं अनजान* नेताओं को चुने जाने के संबंध में सवाल किए जाने पर मोदी ने कहा कि इन नेताओं के पास बहुत अनुभव है और उन्होंने कड़ी मेहनत की है। उन्होंने भाजपा के चयन को लेकर सवाल खड़े करने वालों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश का यह दुर्भाग्य रहा है कि जो लोग अपनी वाणी से, अपनी बुद्धि और अपने व्यक्तित्व से सामाजिक जीवन में प्रभाव पैदा करते हैं, उनका एक बहुत बड़ा वर्ग एक घिसी-पिटी, बंद मानसिकता में जकड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह केवल राजनीतिक क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है। जीवन के सभी क्षेत्रों में यह प्रवृत्ति हमें परेशान करती है। किसी भी क्षेत्र में कोई नाम अगर बड़ा हो गया, किसी ने अपनी *ब्रांडिंग* कर दी तो बाकी लोगों पर ध्यान नहीं जाता, चाहे वह कितने ही प्रतिभाशाली क्यों न हों, कितना भी अच्छा काम क्यों न करते हों। ऐसा ही राजनीति के क्षेत्र में भी होता है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मीडिया का ध्यान कई दशकों तक कुछ ही परिवारों पर सबसे अधिक ध्यान केंद्रित रहा है और इस वजह से नए लोगों की प्रतिभा और उपयोगिता की चर्चा ही नहीं हो पा रही। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके कारण आपको कई बार कुछ लोग नए लगते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि वे नए नहीं होते। उनकी अपनी एक लंबी तपस्या होती है, अनुभव होता है। भाजपा नेतृत्व ने पूर्व मुख्यमंत्रियों रमन सिंह, शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे की दावेदारी को नजरअंदाज करते हुए छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों के रूप में क्रमश: विष्णु देव साय, मोहन यादव और भजन लाल शर्मा को चुना है।

## पुजारी की निर्मम ...

लेकिन परिवार और पुलिस के प्रयासों के बावजूद उसे नहीं ढूंढ़ा जा सका। पुजारी की मौत की खबर सुनकर गांव वालों के बीच अशांति फैल गई। उन्होंने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया और उनके साथ हिंसक झड़प भी की। देखत ही देखते गांव वालों का प्रदर्शन बढ़ गया। उनका प्रदर्शन सड़कों तक पहुंच गया। इसी दौरान पुलिस से भी झड़प हुई। हिंसक भीड़ ने नेशनल हाईवे पर पत्थरबाजी की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों पर भी पत्थर फेंके। मृतक पुजारी के भाई अशोक कुमार साह, जो पूर्व मुखिया और भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रहें हैं उन्होंने भी पुलिस की कार्रवाई पर असंतोष जताया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है लेकिन अभी तक आरोपियों के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं मिल सकी है। इसके अलावा पुजारी की हत्या करने का क्या मकसद है, यह भी अभी साफ नहीं हो पाया है। इसको लेकर भी परिजन और गांव पर भड़के हुए हैं और अधिकारियों से जवाब मांग रहे हैं। हालांकि, पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। सूत्रों के मुताबिक दो महिला और दो पुरुष को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में जांच कई पहलुओं से कर रही है। उन्होंने बताया कि इस घटना की जांच जमीनी विवाद को ध्यान में रखते हुए भी की जारी है। पुलिस ने बताया कि वह इस एंगल से भी जांच कर रही है कि पुजारी का कोई पारिवारिक विवाद चल रहा था या नहीं। मंदिर के पुजारी की हत्या के बाद परिवार में शोक की लहर है। मामले में पुलिस के द्वारा लिए जा रहे एक्शन पर भी परिजनों ने असंतोष जताया है। हालांकि, पुजारी की हत्या के पहले का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमें पुजारी को मंदिर परिसर से बाहर निकलते हुए देखा जा सकता है।

## आई.एन.डी.आई.ए. की चौथी...

चुनाव में मजबूत चुनौती पेश करने के लिए देरी की अब रत्ती भर भी गुंजाइश नहीं है। सीट बंटवारे का फैसला करने के बाद ही गठबंधन के आगे की दशा-दिशा का ठोस निर्धारण हो पाएगा। उनका कहना था कि कांग्रेस को भी इस बात का अहसास हो गया है कि तेलंगाना में मिली जीत ही उसके लिए काफी नहीं है। पार्टी को सीट बंटवारे में क्षेत्रीय दलों के साथ लचीला व व्यावहारिक रूख अपनाना पड़ेगा। चार-पांच राज्यों के अलावा सीट बंटवारे में कोई खास दिक्कत नहीं है और ऐसे में 19 दिसंबर की बैठक में आईएनडीआईए के नेताओं के बीच लोकसभा सीट बंटवारे पर व्यापक सहमति बन जाने की संभावना है। विपक्षी खेमे में तालमेल की चुनौतियों के संदर्भ में सूत्र ने कहा कि उत्तरप्रदेश, बिहार, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के अलावा सीट बंटवारे की समस्या कहीं बड़ी अड़चन नहीं है। सूत्र ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने उत्तरप्रदेश में कांग्रेस को केवल आठ सीटें देने की पेशकश की है, मगर कांग्रेस 22 सीटें मांग रही है।

## बेटे की चाहत...

और इतना ही नहीं राक्षसों मे बच्ची का पेट फाड़कर कलेजा निकाल लिया। दंपती ने बच्ची के उस कलेजे को खाया था। यह सब एक तांत्रिक के कहने पर दोनों ने किया था। दरअसल, इस दंपत्ति के शादी के 19 साल बाद भी बच्चा नहीं था जिसके बाद वह एक तांत्रिक के पास गए जिसने उसे बच्ची का कलेजा खाने के बाद संतान प्राप्ति की बात कही। तांत्रिक की बातों में आकर दंपती ने इस दिल दहला देने वाले कांड को अंजाम दे दिया था। कोर्ट में मामला चला इसमें चारों आरोपी दोषी करार दिए गए। चारों को कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। जानकारी के मुताबिक, 14 नवंबर 2020 को घाटमपुर के एक गांव में शाम घर के बाहर खेल रही सात साल की अचानक बच्ची गायब हो गई। परिवार के लोगों ने रात भर बच्ची को खोजा, लेकिन वह नहीं मिली। दूसरे दिन सुबह उसकी क्षत- विक्षत हालत में लाश मिली। इसके बाद बच्ची के पिता ने इस मामले में गांव के ही अंकुल, वंशलाल, कमलराम, बाबूराम और सुरेश जमादार के खिलाफ केस दर्ज कराया। बच्ची के पिता का आरोप था कि तंत्र- मंत्र के चक्कर में इन लोगों ने बेटी की हत्या कर दी। इसके बाद लंबी कार्रवाई के बाद अब जाकर आरोपी को सजा सुनाई गई।

## विस्फोटक बनाने वाली...

कंपनी की यूनिट के अंदर कुल 12 कर्मचारी मौजूद थे। यह विस्फोट फर्म के कास्ट बूस्टर प्लांट में हुआ। विस्फोट का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। नागपुर (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार ने कहा कि यह विस्फोट सोलर एक्सप्लोसिव कंपनी में कास्ट बूस्टर प्लांट में पैकिंग के समय हुआ।

## परमाणु हमले का ...

दक्षिण कोरिया पर प्योंगयांग के किसी भी परमाणु हमले का तीव्र, जबरदस्त और निर्णायक जवाब दिया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अप्रैल में इसी तरह की, कड़े शब्दों में चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि उत्तर कोरिया के किसी भी परमाणु हमले से उसका *अंत* हो जाएगा। पांच महीने पहले, अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने चेतावनी दी थी कि अमेरिका या उसके सहयोगियों के खिलाफ उत्तर कोरिया द्वारा किसी भी परमाणु हमले का मतलब किम शासन का अंत होगा। उत्तर कोरिया ने पिछले साल खुद को *अपरिवर्तनीय* परमाणु शक्ति घोषित किया था और उसने बार-बार कहा है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम को कभी नहीं छोड़ेगा, जिसे शासन अपने अस्तित्व के लिए आवश्यक मानता है।

## यूपीपीएल पार्टी के 46 नेता बीपीएफ में हुए शामिल



**बाक्सा ( हिंस )।** बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल (बीटीसी) के मुख्य कार्यकारी सदस्य प्रमोद बोड़ो के नेतृत्व वाली यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) और गण सुरक्षा पार्टी (जीएसपी) के कुल 46 नेता बोड़ो पीपुल्स फ्रंट में शामिल हो गए। बाक्सा जिले के सालबाड़ी अनुमंडल बीपीएफ की सालबाड़ी जिला समिति की पहल पर बाक्सा के सालबाड़ी उपखंड के अंतर्गत गोवर्धन बोड़ोलैंड दरबार सभागार में एक बैठक हुई। इसी बैठक में यूपीपीएल नेताओं समेत 46 लोग औपचारिक रूप से बीपीएफ में शामिल हुए। बीपीएफ के सालबाड़ी जिला कमेटी के प्रभारी अध्यक्ष खानींद्र ब्रह्म की अध्यक्षता में हुई बैठक में यूपीपीएल के केंद्रीय सदस्य कनक चंद्र बोड़ो, सालबाड़ी जिला कमेटी के आयोजन सचिव विनोद स्वर्गियारी, जितेन कलिता, कोषाध्यक्ष थेरोन सेलाराय, सदस्य बेबिका बसुमतारी, शालबाड़ी ब्लॉक कमेटी के आयोजन सचिव के अलावा मुकुंद दास समेत अन्य लोग बीपीएफ में शामिल हुए। बैठक में बीपीएफ के केंद्रीय महासचिव और पूर्व विधायक मनेश्वर ब्रह्म, पूर्व विधायक थानेश्वर बसुमतारी, युवा बीपीएफ अध्यक्ष और सालबाड़ी निर्वाचन क्षेत्र के एमसीएलए जय मुसाहारी और कई अन्य नेता उपस्थित थे।

## एनआईए ने काकोपाथर में ग्रेनेड विस्फोट स्थल की जांच की



**तिनसुकिया ( हिंस )।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों की एक टीम राज्य में हाल ही में हुए ग्रेनेड विस्फोटों की जांच करने के लिए आज तिनसुकिया पहुंची। ऊपरी असम के तिनसुकिया, शिवसागर और जोरहट जिलों में कई ग्रेनेड हमलों की जांच में सहायता के लिए राज्य अधिकारियों के अनुरोध पय एनआईए की टीम ने कल से जांच शुरू की। 22 नवंबर से 14 दिसंबर के बीच हुए इन हमलों की जिम्मेदारी उल्फा-स्व ने ली है। एनआईए के अधिकारी फिलहाल काकोपपथार के डिराक कपाहतली आर्मी कैंटोनमेंट में जांच कर रहे हैं। एनआईए के एक शीर्ष अधिकारी के साथ-साथ तिनसुकिया पुलिस के शीर्ष अधिकारियों की मौजूदगी में जांच की जा रही है। एनआईए ग्रेनेड विस्फोट के लगभग 14 दिन बाद चिंतेश्वर चेतिया के घर की छत पर एक सक्रिय ग्रेनेड की बरामदगी की भी जांच कर रही है।

## साउथ बरपेटा हाईस्कूल के रजत जयंती समारोह का समापन

### स्मृतिग्रंथ *जलजोली* का विमचोन



**नागरबेड़ा ( विभास )।** बरपेटा जिले के बाघबर निर्वाचन क्षेत्र के तहत दक्षिण बरपेटा हाईस्कूल के शानदार पच्चीस साल पूरे होने के उपलक्ष्य में चार दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम के साथ स्कूल के रजत जयंती समारोह का समापन हुआ। रजत जयंती समारोह के समापन के अवसर पर आयोजित उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता उत्सव समिति के अध्यक्ष एम मसूरुद्दीन अहमद ने की। बैठक में लुइतपरिया कॉलेज के प्रोफेसर अब्दुल अहाव चौधरी, डॉ. मोहिदुल आलम, डॉ. जाकिर हुसैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सेवानिवृत्त विषय शिक्षक अब्दुल हालिम, दलगोमा आंचलिक कालेज का अध्यापक आवु शामा आहमेद ने स्वागत भाषण दिया। सभा में बाघमारा चर ग्राम पंचायत अध्यक्ष अकलीमा खातून, आलोपति माजरचर ग्राम पंचायत के अध्यक्ष शिराजुल हक, धर्मापुर भटनापैती ग्राम पंचायत के अध्यक्ष बशीर उद्दीन अहमद, क्षेत्रीय पंचायत सदस्य सोनाउल्लाह मंडल, प्रधानाध्यापक अब्दुल बारीक, दक्षिण बारपेटा जिला एएमएसयू सचिव रफीकुल इस्लाम, सामाजिक कार्यकर्ता अल्हाज सैयजुद्दीन भुइयां, सामाजिक कार्यकर्ता अब्दुल बारेक के साथ अन्य बहुत सारे गन्य मान्य व्यक्ति मौजूद रहे। ग्वालपाड़ा सिविल अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. रेजाउल करीम शेख ने बैठक में रजत जयंती समारोह के अवसर पर शिक्षक शहादत अली द्वारा संपादित संस्मरण *जलजोली* का विमोचन किया। अंत में संगीत समारोह का आयोजन किया गया है।

## दो पशु तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी की सोनपुर पुलिस ने पशु तस्करी में शामिल दो तस्करों को 24 मवेशियों समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के डिगारु इलाके में चलाए गए अभियान के दौरान ट्रक (एएस-26सी-8927) को जब्त किया गया। ट्रक से कुल 24 मवेशियों को बरामद किया गया है। जिसे शिलापथार से मेघालय के पशु बाजार तक ले जाया जा रहा था। इस मामले में चालक सहित दो पशु तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार पशु तस्करों की पहचान करीम अली (26, सोनपुर) और इकरामुल अली (28, खेत्री) के रूप में की गई। पुलिस इस संबंध में पशु अधिनियम के तहत एक प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## मुख्यमंत्री तथा सोनोवाल ने अभिनेता जयंत दास के निधन पर जताया शोक

**गुवाहाटी ( हिंस )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा, केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल तथा विभिन्न व्यक्तियों और संगठनों ने अभिनेता जयंत दास के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। असम के लोग लोकप्रिय अभिनेता जयंत दास के असामयिक निधन से दुखी हैं। कलाकार की मृत्यु पर सांस्कृतिक क्षेत्र, राजनीतिक क्षेत्र सहित विभिन्न राजनीतिक दलों और संगठनों द्वारा शोक व्यक्त किया गया है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि अभिनेता जयंत दास के असामयिक निधन से वे दुखी हैं। असमिया फिल्मों, धारावाहिकों, आकाशवाणी नाटकों आदि हर क्षेत्र में अपने सशक्त अभिनय से असम के लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाने वाले जयंत दास का निधन राज्य के सांस्कृतिक क्षेत्र के साथ-साथ सामाजिक जीवन के लिए भी अपूरणीय क्षति है। दूसरी ओर, केंद्रीय मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि विभिन्न प्रकार के चरित्र का अभिनय करके जयंत दास ने लोगों के दिलों में जो जगह बनाई उसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि जयंत दास का निधन असम के सांस्कृतिक तथा सामाजिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से वे काफी दुखी हैं। उनके अवदान चिरकाल तक जीवंत रहेंगे। उल्लेखनीय है कि अचानक बीमार होने के बाद वे अस्पताल में भर्ती हुए थे। उनकी खबर लेने के लिए असम सरकार के स्वास्थ्य मंत्री केशव महंत तथा बिमल बोरा अस्पताल पहुंचे थे। बीती रात उनका अपोलो अस्पताल में निधन हो गया।

## लालगणेश में आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के लालगणेश में आज लगी भीषण आग में लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग लालगणेश में बजरंग इस्पात गोदाम में लगी। आग से गोदाम में रखा गया फर्नीचर आदि जलकर राख हो गया। नुकसान की सीमा का सटीक रूप से पता नहीं चल पाया है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राष्ट्रीय स्तर की चित्रांकन प्रतियोगिता में शिशु निकेतन एचएस स्कूल के छात्र को प्रथम पुरस्कार



**गुवाहाटी ( विभास )।** राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता में गुवाहाटी के नारायण नगर स्थित शिशु निकेतन हाई स्कूल के विद्यार्थी ने प्रथम पुरस्कार हासिल कर समूचे पूर्वोत्तर का नाम गौरवान्वित किया है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चित्रांकन प्रतियोगिता के ग्रुप बी में प्रथम पुरस्कार हासिल करने वाले शिशु निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा आठवीं के छात्र जुनैद अयूब को सम्मानित किया। स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रिना भौमिक ने छात्र की इस उपलब्धि पर उसे बधाई देते हुए कहा कि जुनैद ने अपने परिवार का ही नहीं बल्कि विद्यालय का नाम भी रोशन किया है। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाला ने भी छात्र द्वारा देश भर में शिशु निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल के साथ राज्य का नाम गौरवान्वित करने पर उसे ढेरों शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## टैक्स बार एसोसिएशन, गुवाहाटी ने जीएसटी पर एक स्टडी सर्कल बैठक का किया आयोजन

**गुवाहाटी ( विभास )।** टैक्स बार एसोसिएशन, गुवाहाटी *वर्ष 2022-23 के लिए जीएसटीआर 9 और 9सी दाखिल करने में व्यावहारिक मुद्दे* विषय पर एक अध्ययन मंडल बैठक आयोजित की। बैठक की शुरुआत टैक्स बार एसोसिएशन के सचिव सीए गोपाल सिंघानिया ने अपने स्वागत भाषण से की। बैठक की अध्यक्षता टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता ब्रजेश कुमार शर्मा ने की। अपने संबोधन में उन्होंने बैठक के विषय के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस बैठक से प्रतिभागियों को विषयों को समझने में मदद मिलेगी। वक्ता सीए मन्नू काशलीवाल ने अपने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से वर्ष 2022-23 के लिए जीएसटीआर 9 और 9सी दाखिल करने में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं के




बारे में बताया। विशेषज्ञ टिप्पणीकार सीए बिकाश अग्रवाला ने जीएसटी वार्षिक रिटर्न दाखिल करते समय ध्यान में रखे जाने वाले विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। बैठक में 50 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सचिव, लागत लेखाकार, अधिवक्ता, कर सलाहकार, व्यवसायी और अन्य लोगों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने प्रश्न उत्तर सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया जिसमें वक्ता और विशेषज्ञ टिप्पणीकार दोनों ने प्रतिभागियों के प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया। प्रतिभागियों ने दोनों वक्ताओं के ज्ञान की सराहना की और साथ ही इस तरह की बैठक आयोजित करने के लिए एसोसिएशन की भी प्रशंसा की। बैठक सचिव सीए गोपाल सिंघानिया के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई। आज जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में, सचिव सीए गोपाल सिंघानिया ने कहा कि वर्ष 2022-23 के लिए जीएसटी के तहत वार्षिक रिटर्न दाखिल करने की नियत तारीख 31 दिसंबर, 2023 है। टैक्स बार एसोसिएशन अक्सर महत्वपूर्ण विषयों पर स्टडी सर्कल बैठकें और सेमिनार आयोजित करता है। चूंकि जीएसटीआर 9 और 9सी दाखिल करने के लिए 15 दिन से कम समय बचा है, इसलिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए यह बैठक आयोजित करना आवश्यक था।

## गुवाहाटी में वार्षिक ईस्टर्न हिमालयन नेचरनॉमिक्स फोरम के 11वें संस्करण की मेजबानी

**गुवाहाटी।** बालीपाड़ा फाउंडेशन 18 और 19 दिसंबर 2023 को गुवाहाटी में वार्षिक ईस्टर्न हिमालयन नेचरनॉमिक्स फोरम के अपने 11वें संस्करण की मेजबानी करने के लिए उत्सुक है। इस वर्ष का मुख्य विषय ग्रेट पीपल्स फॉरेस्ट 2030 का आह्वान है, जिसमें 15 से अधिक देशों के 60 लोग एक साथ आ रहे हैं। 18-19 दिसंबर के दौरान, वक्ता और प्रतिभागी संयुक्त राष्ट्र बहाली दशक और विभिन्न जलवायु और जैव विविधता समझौतों के तहत 2030 तक वन क्षरण को उलटने के लिए किए गए वादों के अनुसार, 2030 तक क्षेत्र के लिए एक बहाली एजेंडा बनाने के लिए प्रमुख विषयों पर चर्चा करेंगे। पर्यावरण कार्यकर्ता, खाद्य संप्रभुता की वकालत करने वाली डॉ. वंदना शिवा, डॉ. रिचर्ड जियो, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एशिया पैसिफिक फील्ड डिवीजन, कंजर्वेशन इंटरनेशनल, जेसन कन्नौफ, ग्लोबल लीडरशिप फेलो, कंजर्वेशन इंटरनेशनल, पूर्णिमा देवी बर्मन, यूएन चैंपियन ऑफ द अर्थ एंड वाइल्डलाइफ बायोलॉजिस्ट; रंजीत बारठाकुर, संस्थापक फॉरेस्टर, बालीपाड़ा फाउंडेशन, और पैनल मॉडरेटर, स्वीटलाना रंजन, सह-संस्थापक, आई-बिहाइंड द इंक जैसी प्रमुख



हस्तियों के योगदान के साथ फोरम का शुभारंभ किया गया। बालीपाड़ा फाउंडेशन के संस्थापक रंजीत बरठाकुर ने तीसरे ध्रुव जो कि हिमसागर क्षेत्र है, के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि तीसरा ध्रुव जो तिब्बत से हिंद महासागर तक का क्षेत्र है, पारिस्थितिक संतुलन का प्रमुख हिस्सा है। उन्होंने कहा कि बालीपाड़ा फाउंडेशन की पहल महान पूर्वी हिमालय को समर्थन और पुनर्जीवित करना जारी रखेगी। डॉ. वंदना शिवा, एक पर्यावरण कार्यकर्ता और नवदान्य की संस्थापक, जो जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए एक पहल है, ने कहा कि यदि आप उत्तर-पूर्व में चारों ओर देखते हैं, जहां जंगल समाप्त होता है और खेत शुरू होता है, तो इसे देखना मुश्किल है। इसलिए, हम जो चीजें करते हैं उनमें से एक है मुझे जो कुछ भी लगता है उससे छुटकारा पाना होगा जो कि मन की एक संस्कृति है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस पहल का हिस्सा बनने के लिए अलगाव को खत्म करना होगा। कंजर्वेशन इंटरनेशनल के ग्लोबल लीडरशिप फेलो और द ग्रेट पीपल्स फॉरेस्ट प्रोजेक्ट बोर्ड के अध्यक्ष जेसन कन्नौफ ने कहा कि जीपीएफ के पहले रैपिड-स्केलिंग पोर्टफोलियो का लॉन्च, बालीपाड़ा फाउंडेशन की एक पहल और 28 में और सहित भागीदारों का एक गठबंधन है। गति से कार्य और दृष्टि, सामंजस्य से काम करने का अविश्वसनीय उदाहरण। फोरम ग्रेट पीपुल्स फॉरेस्ट पहल की सफलता पर आधारित है, जिसे सितंबर में जी20 में बालीपाड़ा फाउंडेशन और कंजर्वेशन इंटरनेशनल के बीच साझेदारी में लॉन्च किया गया था, जिसका लक्ष्य 1 डॉलर जुटाकर 2030 तक पूर्वी हिमालय क्षेत्र में 1 मिलियन हेक्टेयर भूमि को बहाल करना है। इस क्षेत्र में जंगलों, खेतों और अन्य महत्वपूर्ण जोखिम वाले पारिस्थितिकी तंत्रों में मौजूदा बहाली पहलों को बढ़ाने के लिए अरबों डॉलर खर्च किए जाएंगे। यह पोर्टफोलियो 61, 000 हेक्टेयर से अधिक भूमि और 178, 000 से अधिक व्यक्तियों को प्रभावित करता है, और 2024 में सिक्किम के पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र को कवर करने वाली परियोजनाओं के साथ कार्यान्वयन शुरू होगा।

## पुलिस ने 24 मवेशियों के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पुलिस ने आज एक ट्रक से कुल 24 जीवित मवेशियों को बरामद किया। मवेशियों को पड़ोसी राज्य मेघालय में तस्करी कर ले जाया जा रहा था। सोनापुर थाना की पुलिस टीम ने दिगारू के पास ट्रक को रोका और 24 जीवित मवेशियों को जब्त कर लिया, जिन्हें मेघालय में तस्करी कर ले जाया जा रहा था। जानकारी के मुताबिक, मवेशियों को सिलापथार से लाया जा रहा था। पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान करीम अली और इकरामुल अली के रूप में हुई है। दोनों को हिरासत में ले लिया गया है और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## माछखोआ प्रागज्योति आईएटीए सेंटर में विद्यापति स्मृति पर्व समारोह आयोजित



**गुवाहाटी।** आज शाम चार बजे से रात 10 बजे तक चला। जिसमें मिथिलांचल के अलावा भारत के कोने कोने से मैथिली भाषा के अलावा हिंदी भाष के लोगों ने शामिल हुए। यह प्रोग्राम माछखोआ प्रागज्योति आईएटीए सेंटर गुवाहाटी (असाम) में मनाया गया। इस विद्यापति स्मृति पर्व समारोह में हजारों की संख्या में लोगों ने शामिल हुए। विद्यापति चेतना समिति के अध्यक्ष व असम प्रदेश के कांग्रेस प्रवक्ता रमन झा ने सभा में शामिल लोगों को असमिया फूलाम गामोछा से सम्मानित किए तथा साथ-साथ समाज सेवी मोहम्मद सैमुदीन मंसूरीको भी असमिया फूलाम गामोछा से सम्मानित किया। इस समारोह में मिथिलांचल के अलावा भारत के कोने कोने से कलाकारों ने शामिल हुए। यह विद्यापति स्मृति पर्व समारोह विगत तीन सालों से करोना के कारण नहीं मनाया गया था। कमेटी के अध्यक्ष रमन झा ने समारोह में शामिल हुए लोगों को धन्यवाद देते हुए अपार शुभकामनाएं दीं।

## महावीर भक्त मंडल का वार्षिक उत्सव संपन्न



**गुवाहाटी ( विभास )।** श्री महावीर भक्त मण्डल विगत 44 वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री बालाजी महाराज का वार्षिक महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाबा का मनमोहक दरबार साजाया गया। मण्डल के सदस्य सुनील अगरवाल ने सपत्नीक बाबा की ज्योत जलाकर विधिवत पुजा अर्चना की। सर्वप्रथम सिद्धि विनायक श्री गणेशजी महाराज का विधि-विधान के साथ आह्वान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ किया गया तत्पश्चात मिथिला जय श्री राम भक्त मण्डल, भुवाजी भक्त मण्डल तथा मंडल के सदस्यों द्वारा भजनों की अमृतवर्षा की गयी। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण के साथ इस कार्यक्रम का समापन हुआ। इस प्रैस विज्ञप्ति की जानकारी मंडल के प्रचार सचिव अमित अग्रवाला ने दी।

## जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी ने प्रदान किए वार्षिक डिजाइन पुरस्कार 2023

**गुवाहाटी।** जेडी फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान का गुवाहाटी चैप्टर वार्षिक डिजाइन पुरस्कारों के माध्यम से वर्षों से इंटीरियर, फैशन और ज्वैलरी डिजाइन के छात्रों द्वारा कलात्मक कृतियों का प्रदर्शन कर रहा था। जेडी एनुअल डिजाइन अवार्ड्स के लिए पूर्वावलोकन 15 दिसंबर, 2023 को और फैशन शो और इंटीरियर प्रदर्शनी 16 दिसंबर, 2023 को आयोजित की गई थी। जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, गुवाहाटी के बहुप्रतीक्षित वार्षिक डिजाइन पुरस्कारों में रचनात्मकता, नवाचार और सौंदर्यशास्त्र सभी एक साथ आए। इस संस्थान की स्थापना 1988 में श्री चंद्रकांत दलाल और श्री आर. सी. दलाल द्वारा की गई थी। जो कल के युवाओं की क्षमता और बुद्धिमत्ता को प्रजजलित करने के लिए एक मंच के रूप में काम करता है। जेडी फेशन प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी ने उद्योग में 18 गौरवशाली वर्ष पूरे किए हैं और यह भारत के शीर्ष डिजाइन संस्थानों में से एक है। गुवाहाटी में डिजाइन शिक्षा प्रदान करने के लिए यह अपनी तरह का पहला मंच था। वर्ष 2005 में स्थापित, जेडी गुवाहाटी अभी भी असम और पड़ोसी राज्यों में कला और डिजाइन शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी होने का दावा करता है। इस कार्यक्रम में जेडी संस्थान की प्रबंध निदेशक सुश्री रूपल दलाल और जेडी संस्थान की निदेशक श्री हर्ष दलाल उपस्थित थे। गुवाहाटी शहर के डिजाइन सर्किट की प्रसिद्ध हस्तियों ने दिन भर चलने वाले इस भव्य समारोह में भाग लिया। अर्चना तिवारी, डिजाइनर और मालिक परियात और एआर आकृति के वास्तुकार और मालिक रितुल शर्मा संस्थान के निदेशकों के साथ निर्णायक मंडल में शामिल थे। प्रतिष्ठित उद्योग पेशेवरों के साथ फैशन और इंटीरियर डिजाइन की प्रमुख हस्तियां छात्रों को अपना सर्वश्रेष्ठ काम प्रस्तुत करने के लिए



प्रेरित करने के लिए एक छत के नीचे आईं। जेडी एनुअल डिजाइन अवार्ड्स, 2023 का विषय *इंटरसेक्शन* था जो विपरीत प्रतिमानों की दो पूरी तरह से विरोधी धारणाओं को मिलाता है और एक व्यक्तिगत अवधारणा बनाता है। इंटीरियर डिजाइन के छात्रों ने एक प्रदर्शनी लगाई जिसमें विभिन्न नवीन रचनाओं और अवधारणाओं को प्रदर्शित किया गया। पर्यावरण के अनुकूल टिकाऊ सामग्रियों से बनी एक दीवार अवधारणा जिसमें स्व-शीतलन क्षमताएं हैं, आंतरिक प्रदर्शनी में उल्लेखनीय कृतियों में से एक थी। फेशन शो की शुरुआत जेडी गुवाहाटी की केंद्र निदेशक सुश्री सुमिता डे डेका के एक संक्षिप्त संबोधन के साथ हुई, जिसमें संस्थान की उपलब्धियों और सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में छात्रों के निरंतर विकास को बढ़ावा देने पर प्रकाश डाला गया। फैशन शो में कुछ शानदार कलात्मक कृतियों और नवीन डिजाइन विचारों का प्रदर्शन किया गया। कपड़ों, हाथ की पेंटिंग और गांठ बनाने की तकनीकों पर प्राकृतिक रंगों का उपयोग देखा गया। इन संग्रहों में से एक उल्लेखनीय था जिसे पूर्व-स्वामित्व वाले डेनिम और सफेद शर्ट का उपयोग करके डिजाइन किया गया था जिन्हें भित्तिचित्रों की कलाकृतियों में हाथ से चित्रित किया गया था। प्रत्येक संग्रह एक-दूसरे से अलग था और छात्र के काम के विचारशील अमूर्तता को प्रदर्शित करता था। फैशन शो के बाद सुश्री रूपल दलाल, श्री कमल बर्मन और जेडी गुवाहाटी के निदेशकों द्वारा वार्षिक लुक बुक का विमोचन किया गया। असाधारण काम करने वाले छात्रों ने सर्वश्रेष्ठ डिजाइन, सबसे नवीन, सबसे व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य और इंटीरियर, फैशन और आभूषण डिजाइन में सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान जैसे पुरस्कार जीते। श्रीमती रूपल दलाल ने स्थिरता और पर्यावरण-मित्रता के साथ छात्र के प्रयासों के विलय की सराहना की। जेय डी. गुवाहाटी की निदेशक सुश्री उष्मिता डे हजारिका ने प्रत्येक संग्रह की श्रमसाध्य प्रकृति और छात्रों के परिश्रम के बारे में बताया वार्षिक डिजाइन पुरस्कारों की दिशा में सामूहिक प्रयास के पीछे की पूरी टीम के परिचय के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

संपादकीया

# विवाद समाप्त होने से ही आएगा सांप्रदायिक सौहार्द

**काशी** के बाद अब मथुरा में भी श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर स्थित शाही ईदगाह का सर्वेक्षण किया जाएगा। इसकी अनुमति इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने की दी है। न्यायालय के रुख से संकेत मिलता है कि भारत की न्यायपालिका अब संवेदनशील मामलों को अटकाने के पक्ष में नहीं है। इतिहास में जो भूल हुई हैं, उन्हें सुधारने के लिए न्यायपालिका भी आज के समय को अनुकूल समझ रही है। निःसंदेह, देश में राष्ट्रीय विचार की सरकार है, जो किसी भी प्रकार के तुष्टीकरण का समर्थन न करके राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर वैज्ञानिक एवं संवैधानिक दृष्टिकोण रखती है। याद रखें कि धार्मिक स्थलों को लेकर विवाद की यह स्थिति किसी भी प्रकार से देश और समाज के हित में नहीं है। विवाद की स्थिति बनी रहने से हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच आपसी तनाव भी बना रहता है। सामान्य समझ तो यही कहती है कि इस प्रकार के विवादित मामलों का निराकरण देश की स्वतंत्रता के साथ ही कर दिया जाना चाहिए था। परंतु ऐसा लगता है कि राजनीतिक लाभ के लिए कुछ दलों ने जानबूझकर अयोध्या, काशी और मथुरा जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर विवाद की स्थिति बनी रहने दी। ये दल स्वयं को सेकुलर कहते हैं, परंतु वास्तव में इनकी राजनीति घोर सांप्रदायिक है। एक संप्रदाय को भ्रमित रखकर उसको वोटबैंक की तरह इस्तेमाल किया गया। दुर्भाग्य की बात है कि भारत का मुसलमान भी ऐसे दलों एवं नेताओं की कठपुतली बना रहा। ईमानदारी से तो मुस्लिम समुदाय को ही अयोध्या, काशी और मथुरा के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के स्थानों पर कब्जा छोड़कर धर्मांध आक्रांताओं की गलतियों से अपना पिंड छुड़ा लेना चाहिए था। परंतु ऐसा हुआ नहीं अपितु मुस्लिम समुदाय आक्रांताओं के कृत्यों के पक्ष में खड़े हो गए। इस कारण हिन्दू और मुस्लिम तनाव भी बढ़ा। एक जरूरी प्रश्न है कि क्या हिन्दू अपने तीन सबसे प्रमुख ईश्वरों के जन्मस्थानों को विवाद मुक्त न चाहें? याद रखें कि जब तक विवादित ढांचे हटेंगे नहीं, तब तक इन स्थानों पर आपसी सौहार्द स्थायी रूप से कायम नहीं होगा। समय-समय पर सांप्रदायिक तनाव को उभारा जाता रहेगा। इसलिए उचित ही है कि इन मामलों की सुनवाई करके न्यायालय निर्णय दे दे। संभवतः न्यायालय की दृष्टि भी यही है इसलिए वह ऐसे मामलों पर निर्णय करके हिन्दू और मुसलमानों को आपसी संघर्ष से बाहर निकालना चाहती है। यह सर्वविदित है कि जिस प्रकार अयोध्या में तथाकथित मस्जिद के कोई प्रमाण नहीं मिले अपितु बाहरी ढांचे से लेकर खुदाई तक में हिन्दू स्थापत्य के ही प्रमाण मिले थे, उसी प्रकार काशी और मथुरा के प्रकरण में भी साफतौर पर दिखायी देता है कि मंदिरों पर अतिक्रमण किया गया है। हिन्दुओं का अपमान करने की दृष्टि से हिन्दुओं के मान बिन्दुओं पर कुछ ढांचे खड़े कर दिए गए हैं। कोई भी व्यक्ति देखकर ही बता सकता है कि मथुरा में स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर के बराबर में बनी शाही ईदगाह वाला ढाँचा जबरन वहीं बना दिया गया जहाँ भगवान कृष्ण का जन्म हुआ था। अभी भी कई ऐसे सबूत हैं जो कि यह सिद्ध करते हैं कि यहाँ पहले एक मंदिर हुआ करता था। उल्लेखनीय है कि सन्-1670 में मुगल आक्रांता औरंगजेब ने मथुरा पर हमला कर दिया था और केशवदेव मंदिर को ध्वस्त करके उसके ऊपर शाही ईदगाह ढाँचा बनवा दिया था और इसे मस्जिद कहा जाने लगा। इस्लाम के अनुसार, ऐसा कोई स्थान मस्जिद हो ही नहीं सकता जो किसी और के धार्मिक स्थल को तोड़कर बनाया गया हो या जिसको लेकर विवाद हो। बहरहाल, न्यायालय ने हिन्दू पक्ष की याचिका को स्वीकार करके बहुत अच्छा निर्णय लिया है। अब वैज्ञानिक सर्वेक्षण के बाद ही बहुत हद तक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। सभी वर्गों को न्यायालय की प्रक्रिया एवं निर्णय को धैर्य और संयम के साथ स्वीकार करना चाहिए।

> न्यायालय के रुख से संकेत मिलता है कि भारत की न्यायपालिका अब संवेदनशील मामलों को अटकाने के पक्ष में नहीं है। इतिहास में जो भूल हुई हैं, उन्हें सुधारने के लिए न्यायपालिका भी आज के समय को अनुकूल समझ रही है। नि:संदेह, देश में राष्ट्रीय विचार की सरकार है, जो किसी भी प्रकार के तुष्टीकरण का समर्थन न करके राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर वैज्ञानिक एवं संवैधानिक दृष्टिकोण रखती है। याद रखें कि धार्मिक स्थलों को लेकर विवाद की यह स्थिति किसी भी प्रकार से देश और समाज के हित में नहीं है। विवाद की स्थिति बनी रहने से हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच आपसी तनाव भी बना रहता है। सामान्य समझ तो यही कहती है कि इस प्रकार के विवादित मामलों का निराकरण देश की स्वतंत्रता के साथ ही कर दिया जाना चाहिए था। परंतु ऐसा लगता है कि राजनीतिक लाभ के लिए कुछ दलों ने जानबूझकर अयोध्या, काशी और मथुरा जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर विवाद की स्थिति बनी रहने दी। ये दल स्वयं को सेकुलर कहते हैं, परंतु वास्तव में इनकी राजनीति घोर सांप्रदायिक है। एक संप्रदाय को भ्रमित रखकर उसको वोटबैंक की तरह इस्तेमाल किया गया। दुर्भाग्य की बात है कि भारत का मुसलमान भी ऐसे दलों एवं नेताओं की कठपुतली बना रहा।

## सरकार भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ इस लड़ाई से पीछे नहीं हटेगी

# विधानसभा चुनावों की तरह ही लोकसभा चुनाव में भी भ्रष्टाचार बनेगा सबसे बड़ा मुद्दा

डॉ. आशीष वशिष्ठ



> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी रही है। पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पर जबरदस्त वार किया गया था। दूसरे कार्यकाल में मोदी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ और अधिक सख्ती से पेश आ रही है। इस साल 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन बुराइयों के खिलाफ लड़ाई का आह्वान किया था, जिनका देश सामना कर रहा है– भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण। अब बीती 8 दिसंबर को किया गया एक्स पर उनका पोस्ट देखिए, जनता से जो लूटा है, उसकी पाई–पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है।

**इन** दिनों सोशल मीडिया पर नोटों से भरी अलमारियों की कुछ तस्वीरों खूब वायरल हो रही हैं, जिनका संबंध कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और कारोबारी धीरज साहू से है। धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी की खबरें सुर्खियों में रहीं। ये छापेमारी झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 9 ठिकानों पर हुईं। आयकर विभाग की इस छापेमारी में अब तक 351 करोड़ रुपए मिले हैं। साहू के ठिकानों में मिले बेहिसाब धनराशि ने फिर से एक बार देश में भ्रष्टाचार और कालेधन को लेकर बहस छेड़ दी है। इस मुद्दे पर भाजपा कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर लगातार तंज कस रही है। राजनीति से इतर ये प्रकरण एक गंभीर मामला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी रही है। पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पर जबरदस्त वार किया गया था। दूसरे कार्यकाल में मोदी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ और अधिक सख्ती से पेश आ रही है। इस साल 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन बुराइयों के खिलाफ लड़ाई का आह्वान किया था, जिनका देश सामना कर रहा है- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण। अब बीती 8 दिसंबर को किया गया एक्स पर उनका पोस्ट देखिए, जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ ऐलान-ए-जंग कर 2024 से पहले विपक्षी इंडिया गठबंधन के खिलाफ जबरदस्त प्रहार किया है। इस तरह उन्होंने लोकसभा चुनाव का एजेंडा और टोन को भी सेट कर दिया है। याद कीजिए पीएम मोदी ने कहा था कि, न खाऊंगा और न किसी को खाने दूंगा। मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रखी है। हालिया पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन में शामिल दलों को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जमकर घेरा था। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी तकरीबन हर चुनावी रैली में पीएम भ्रष्टाचार का मुद्दा जोर-शोर से उठाते थे। कभी महादेव ऐप घोटाला तो कभी खनन घोटाला, कभी लाल डायरी में दर्ज काले कारनामे तो कभी भर्तियों में धांधली और पेपर लीक...। राजस्थान की ऐसी ही एक रैली में पीएम मोदी ने लाल किले से दिए अपने भाषण की बातों को दोहराते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण देश के 3 बड़े दुश्मन हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस इन तीनों की ही प्रतीक है। इसी तरह छत्तीसगढ़ के कांकेर की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी कि भ्रष्टाचारियों ने जो कुछ भी लूटा है, उसे लौटाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मैं गारंटी देता हूं, मैं छत्तीसगढ़ के युवाओं से कहता हूं- छत्तीसगढ़ को लूटने वाले चाहे कोई भी हों, चाहे कितने भी ताकतवर हों, उन्हें सब कुछ लौटाना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 23 जून को पटना में विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक के बाद भी भोपाल में एक सभा में विपक्षी दलों की एकता के प्रयासों पर जमकर चुटकियां ली थीं। पीएम मोदी ने कहा था कि आजकल बार-बार एक शब्द आता है- गारंटी। ये सारे विपक्षी दल भ्रष्टाचार की गारंटी हैं। ये गारंटी हैं लाखों-करोड़ रुपयों के घोटालों की। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले इनका एक फोटोशॉप कार्यक्रम हुआ। उस फोटो में जो लोग हैं उन सब का मिल कर टोटल करेंगे तो ये सारे मिल कर कम से कम 20 लाख करोड़ रुपये के घोटाले की गारंटी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बगैर किसी ठोस कार्यक्रम के समाप्त हुई विपक्षी दलों की बैठक पर प्रहार करते हुए कहा कि अकेले कांग्रेस का ही लाखों करोड़ों का घोटाला है। इन पार्टियों के पास घोटालों का ही अनुभव है और इसीलिए इनकी अगर कोई गारंटी है तो वो है- घोटालों की गारंटी। अगर उनकी घोटाले की गारंटी है, तो मोदी की भी एक गारंटी है, हर घोटालेबाज पर कार्रवाई की गारंटी। आश्चर्य की बात यह है कि केंद्र सरकार के खिलाफ ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाले विपक्षी दलों में से किसी ने भी उस समय प्रधानमंत्री के आरोपों का खंडन तक नहीं किया। विपक्षी दल ईडी की कार्रवाई के विरोध में सुप्रीम कोर्ट से पहले ही मात खा चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की कार्रवाई के मामले में दखल देने से इंकार कर दिया था। बीती 28 मार्च को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के विस्तार का लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा था कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर जब एजेंसियां कार्रवाई करती हैं, तो एजेंसियों पर हमला किया जाता है और जब अदालत कोई फैसला सुनाती है, तो उस पर सवाल उठाए जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह पूरा देश देख रहा है और समझ भी रहा है। भ्रष्टाचार ने हमारे देश का बहुत नुकसान किया है और उसे दीमक की तरह खोखला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 23 अप्रैल को एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में कहा था कि, भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी सरकार की कार्रवाई से कुछ लोग नाराज हैं। इसके बावजूद वह और उनकी सरकार भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ इस लड़ाई से पीछे नहीं हटेगी। भले ही उनके विरोधी उनके खिलाफ कितना भी बड़ा गठबंधन बना लें, कार्रवाई नहीं रुकेगी। भ्रष्टाचार पर मोदी सरकार का प्रहार लगातार जारी है। केंद्र की तरफ़ से संसद में रखी गई जानकारी में भी ये बात सामने आई है। सरकार ने संसद को बताया है कि जुलाई 2014 से दिसम्बर 2020 तक यानी बीते छह साल में 340 बड़े अधिकारियों को भ्रष्टाचार, अनियमितता या फ़रि अक्षमता के चलते जबरन रिटायर किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के विपक्ष पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोपों को बल इस बात से मिलता है विपक्ष के कई नेता आज भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद हैं और कई जमानत पर बाहर हैं। विपक्षी नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के ज्यादातर मामलों में अदालत ने कोई राहत नहीं दी है। विपक्ष के लिए बेशक भ्रष्टाचार मिटाने का मुद्दा प्रमुख न हो, पर इस मामले में भारत की स्थिति भयावह है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स 2022 की 180 देशों की सूची में भारत को 40 अंकों के साथ 85वें पायदान पर रखा गया। निश्चित तौर पर राज्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण ही भारत की यह स्थिति बनी है। विशेषकर विपक्षी दलों की सत्ता वाले राज्यों में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। यह विपक्षी दलों के लिए कभी भी चिंता का विषय नहीं बना। भ्रष्टाचार के खिलाफ ईडी, आईटी, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाइयों को विपक्ष बदले की राजनीति करार देता है। लेकिन हालिया चुनाव नतीजों से उत्साहित केंद्र सरकार इन आरोपों से दबाव में आने वाली नहीं है, ये प्रधानमंत्री मोदी ने भी साफ कर दिया है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जबरदस्त जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली में पार्टी मुख्यालय पहुंचे थे।

दृष्टि कोण

# राजनीति और धर्म का गठजोड़ करता है नुकसान, पड़ोसी देश भी हैं गवाह

**हाल** ही में बंगलूरू में एक संवाद के दौरान लेखक परकाला प्रभाकर ने राजनीतिक विमर्श की बदलती भाषा पर एक बेधक बात कही। 1980 के दशक के अंत में, जब पहली बार भारतीय जनता पार्टी भारतीय राजनीति में एक बड़ी ताकत बन रही थी, तब भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी ने कहा था कि वह 'सकारात्मक धर्मनिरपेक्षता' के पक्ष में हैं। तब कांग्रेस की टिप्पणी थी कि आडवाणी जिस धर्मनिरपेक्षता की बात करते हैं, वह नकली धर्मनिरपेक्षता है। लेकिन आडवाणी तब उस धर्मनिरपेक्षता की बात कर रहे थे, जिसमें 'सबके साथ न्याय और किसी का तुष्टिकरण न करने का वादा' था। लेकिन अब भाजपा या कांग्रेस का कोई भी बड़ा नेता सार्वजनिक तौर पर खुद को धर्मनिरपेक्ष आदर्शों से जुड़ा हुआ नहीं स्वीकारता। इसके बजाय वे चाहते हैं कि उन्हें सच्चे हिंदू के तौर पर जाना जाए। यानी केंद्र में सत्तारूढ़ दल का विरोध करते हुए राहुल गांधी दावा करते हैं कि आरएसएस के नकली हिंदुत्व की तुलना में उनका हिंदुत्व वास्तविक है। राहुल गांधी के सलाहकार भी हिंदुत्व के प्रति राहुल के जुड़ाव की सार्वजनिक अभिव्यक्ति की पुष्टि करते हुए कांग्रेस के इस पूर्व अध्यक्ष को



'शिवभक्त' और 'जनेऊधारी हिंदू' बताते हैं। जैसा कि परकाला प्रभाकर बताते हैं कि इस विमर्श का एक चक्र पूरा हो चुका है। कभी भाजपा नेता खुद को कांग्रेसियों की तुलना में बेहतर धर्मनिरपेक्ष बताते थे। आज कांग्रेस के नेतागण खुद को भाजपा नेताओं की तुलना में ज्यादा आस्थावान हिंदू के रूप में पेश करना चाहते हैं। इस संदर्भ में मध्य प्रदेश में कमलनाथ के चुनाव अभियानों का उदाहरण दिया जा सकता है, जिसमें उन्होंने खुद को तत्कालीन भाजपाई मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की तुलना में हिंदुत्व के प्रति ज्यादा आस्थावान प्रचारित करने की कोशिश की थी। राजनीतिक विमर्श का हिंदूकरण हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ा है। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से इसे और बल मिलने वाला है। दूसरी 'सेक्यूलर' छवि वाली पार्टियां भी उद्घाटन पर उतने ही उत्साह का परिचय देंगी। इनमें छोटे दलों के वे नेता भी होंगे, जो मोदी-शाह की सरकार से खुद को जोड़ने के इच्छुक हैं। जैसे कि कर्नाटक में भाजपा से गठजोड़ करने के बाद जनता दल (सेक्यूलर) के नेता एचडी कुमारस्वामी अब अपने भाषणों का समापन 'जय श्री राम' से करते हैं। यह कॉलम लिखने के दौरान मैंने बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) की नेता के कविता का एक ट्वीट देखा, जिसमें उन्होंने लिखा कि राम मंदिर का निर्माण 'करोड़ों हिंदुओं' के सपनों का साकार होना है। यह तय है कि आनेवाले दिनों में एक या उससे ज्यादा कांग्रेसी नेता हमें सूचित करेंगे कि वह राजीव गांधी ही थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए राम मंदिर का ताला खुलवाया था, इसलिए अयोध्या में जो भव्य राम मंदिर बन रहा है, उसके मौलिक वास्तुविद वही हैं, लालकृष्ण आडवाणी या नरेंद्र मोदी नहीं। एक हिंदू होते हुए भी मैं इस नए मंदिर के निर्माण का उत्सव नहीं मना सकता। इसकी एक वजह यह है कि हिंसा के उस खूनी दौर में मैं उत्तर भारत में था, जब हजारों निर्दोष लोग, जिनमें ज्यादातर मुस्लिम और कुछ हिंदू भी थे, हिंसा में मारे गए, और जिसकी परिणति अंततः अयोध्या में मस्जिद ध्वंस के रूप में हुई। जब मैं छोटा था, तब देहरादून में मेरी रामभक्त मां मुझे नहर के तट पर स्थित एक छोटे-से मंदिर में ले जाती थी। शादी के बाद जब मैं बंगलूरू आ गया, तब मेरी सास, वह भी राम भक्त थीं, पड़ोस के शिवाजी नगर स्थित छोटे से रामार कोविल में हमेशा ही दर्शन के लिए जाती थीं। बाद में एक छात्र और गांधी के जीवनीकार के रूप में मैंने यह सीखा कि गांधी को आराधना के लिए छोटे या बड़े मंदिर की जरूरत नहीं थी, ईश्वर का नाम हमेशा उनके दिल में और अंत समय में भी उनके होठों पर उनका नाम था। अगले महीने होने वाले इस विशाल नए भवन का उद्घाटन देश के भविष्य को लेकर क्या पूर्वाभास देता है? एक मित्र का कहना है कि भारत एक दूसरा गणतंत्र बनाने की कगार पर है, जहां राजनीति व नीति- निर्माण 'हिंदू प्रथम' के आधार पर होगी और इस प्रकार यह नया गणतंत्र 1950 में संविधान द्वारा लाए गए पुराने गणतंत्र को प्रतिस्थापित करेगा, जिसने बहुमत की आस्था को राज्य की आस्था से जोड़ने से समझदारीपूर्वक अस्वीकार कर दिया था।

कुछ अलग

# लक्ष्य प्राप्ति की अडिग आकांक्षा ने बालक ध्रुव को बना दिया तारा

**मनु** और शतरूपा के ज्येष्ठ पुत्र प्रियव्रत ने जब राज-पाट में रुचि नहीं दिखाई तो मनु ने अपने छोटे पुत्र उत्तानपाद को पृथ्वी का राज्य सौंप दिया। उत्तानपाद की दो पत्नियां थीं - सुरुचि और सुनीति। सुरुचि के पुत्र का नाम उत्तम और सुनीति के पुत्र का नाम ध्रुव था। सुरुचि अधिक सुंदर थी इसलिए उत्तानपाद उससे अधिक प्रेम करते थे। इसका प्रभाव उनके बच्चों पर पड़ा। राजा, उत्तम की अधिक देखभाल करते थे। एक दिन बालक ध्रुव दरबार में आया तो उसने देखा कि उत्तम, अपने पिता उत्तानपाद की गोद में खेल रहा था। ध्रुव के मन में भी पिता की गोद मैं बैठने की इच्छा हुई। वह सिंहासन की ओर बढ़ने लगा कि तभी सुरुचि ने उसे रोक दिया और बोली, 'तुम उस सिंहासन तक पहुंचने के योग्य नहीं हो। श्रेष्ठ स्थान हर किसी के लिए नहीं होता। पहले उसके योग्य बनो।' ध्रुव ने अपने पिता की ओर देखा लेकिन उत्तानपाद चुप बैठे रहे। अपमान और दुख से भरा ध्रुव रोता हुआ अपनी मां के पास पहुंचा और उसने सुनीति को पूरी घटना बताई। सुनीति जानती थी कि उत्तानपाद, सुरुचि के समक्ष विवश थे। उसने ध्रुव से कहा, 'पुत्र, यही हमारा भाग्य है। इसे स्वीकार कर लो।' 'किंतु हमारे दुख का कारण क्या है?' बालक ध्रुव ने पूछा। 'सब कुछ भगवान विष्णु की इच्छा से होता है। वह जिस पर प्रसन्न होते हैं उसे आशीर्वाद देते हैं। उन्हीं के आशीर्वाद से सुख और शांति संभव है।' सुनीति ने ध्रुव को समझाया। 'विष्णु प्रसन्न कैसे होते हैं?' ध्रुव ने प्रश्न किया। 'तपस्या से! सच्चे मन से उनकी आराधना की जाए तो भगवान अवश्य प्रसन्न होते हैं और फिर हम जो चाहें हमें वह मिल सकता है।' यह सुनते ही ध्रुव घर छोड़कर वन में तपस्या के लिए निकल पड़ा। सुनीति ने बालक ध्रुव को रोकने का बहुत प्रयास किया किंतु ध्रुव ने बात नहीं मानी। ध्रुव का अर्थ ही होता है - जो अडिग हो! वन में ध्रुव एक शांत जगह पर बैठकर ध्यान करने लगा। काफी समय बीत गया किंतु विष्णु ने दर्शन नहीं दिए। ध्रुव को थकान होने लगी थी लेकिन तपस्या जारी रही। फिर एक दिन उसे किसी का स्वर सुनाई पड़ा। उसने आंखें खोलीं तो सामने देवर्षि नारद खड़े थे। ध्रुव ने नारद को प्रणाम किया। ऋषि ने ध्रुव से कहा, 'तुम अपने नाम की भांति अडिग हो। परंतु भगवान विष्णु की कृपा चाहिए तो सही मंत्र का उच्चारण करना आवश्यक है। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय – इस मंत्र का उच्चारण करो।" यह कहकर नारद अंतर्धान हो गए। नारद के जाने के बाद ध्रुव ने मंत्रोच्चारण के साथ विष्णु की उपासना आरंभ कर दी। मंत्र के प्रभाव से ध्रुव के भीतर अद्भुत ऊर्जा का संचार होने लगा, उसकी थकान दूर हो गई और उसका रोम-रोम विष्णु नाम से स्पंदित हो उठा। ध्रुव की तपस्या और प्रचंड हुई तो उसकी गूंज से देवलोक कांपने लगा। उसकी आराधना को भंग करने के अनेक प्रयास किए गए किंतु ध्रुव टस से मस नहीं हुआ। आखिर भगवान विष्णु ने ध्रुव को दर्शन दिए। 'ध्रुव!' विष्णु ने कहा, "मैं तुमसे प्रसन्न हूं। बोलो, क्या चाहिए?' विष्णु का अलौकिक रूप देखकर ध्रुव पुलकित हो गया। भगवान के दर्शन ने उसकी समस्त इच्छाओं को पूरा कर दिया था। विष्णु ने फिर पूछा, 'बोलो ध्रुव, तुम्हें क्या चाहिए?' ध्रुव ने मन में सोचा, 'यदि भगवान विष्णु मुझसे प्रसन्न हैं तो उनसे कोई क्षणभंगुर वस्तु क्यों मांगू? मैं उनसे कोई स्थायी वस्तु प्रदान करने को कहूंगा; एक ऐसा वरदान, जो किसी और के लिए प्राप्त करना लगभग असंभव हो।' तभी ध्रुव को सुरुचि के शब्द याद आए : श्रेष्ठ स्थान हर किसी के लिए नहीं होता।

देश दुनीया से

# अब कौन पहुंचाएगा सरकारी संपत्ति को नुकसान?



> नागरिक को दशकों से इंतजार था, वह अब हो गई है। अब किसी आंदोलन के दौरान कथित आंदोलनकारी सरकारी या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचा सकेंगे। यदि नुकसान पहुंचाया तो उन्हें सख्त सजा होगी। हमारे यहां सरकार से अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करने वाले आमतौर पर सरकारी बसों, इमारतों, रेलों और दूसरी सार्वजनिक संपतियों को बेशर्मी से तोड़ते रहे हैं। कहना न होगा आजाद भारत में इस कारण से सत्तर सालों में अरबों–खरबों रुपये का नुकसान हुआ।

**जिस** बात का देश से प्रेम करने वाले हरेक नागरिक को दशकों से इंतजार था, वह अब हो गई है। अब किसी आंदोलन के दौरान कथित आंदोलनकारी सरकारी या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचा सकेंगे। यदि नुकसान पहुंचाया तो उन्हें सख्त सजा होगी। हमारे यहां सरकार से अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करने वाले आमतौर पर सरकारी बसों, इमारतों, रेलों और दूसरी सार्वजनिक संपतियों को बेशर्मी से तोड़ते रहे हैं। कहना न होगा आजाद भारत में इस कारण से सत्तर सालों में अरबों-खरबों रुपये का नुकसान हुआ। जिन्होंने नुकसान किया उन्हें किसी ने कुछ नहीं कहा। वे दशकों से मौज करते रहे। उनमें से कई बड़े नेता भी बन गए। पर अब आगे किसी ने सरकारी संपत्तियों को हानि पहुंचाई तो लेने के देने पड़ जाएंगे। इसलिए ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की ओर से पिछले मंगलवार को संसद में पेश भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023 के अपडेटेड वर्जन में आतंकवाद के कृत्यों से निपटने वाली धारा 113 में संशोधन किया गया है। इसमें 'आतंकवादी कृत्य' में देश की आर्थिक सुरक्षा और मौद्रिक स्थिरता पर हमले भी शामिल किए गए हैं। संसद की स्थायी समिति की ओर से सुझाए गए संशोधनों को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मानसून सत्र में सदन में पेश किए गए भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 को वापस लेने का प्रस्ताव रखा जिसे सदन ने मंजूरी दी। इसके बाद उन्होंने नए विधेयकों को पेश किया। भारतीय न्याय संहिता विधेयक की धारा 113(1) में प्रावधान है कि अगर कोई व्यक्ति ऐसी मंशा या हरकत करता है, जिससे देश की संप्रभुता, एकता, अखंडता को नुकसान या खतरा पैदा होता है, या आतंकी घटना की मंशा रखता हो, आतंकी हमले करता हो, इसके लिए बम, हथियार, केमिकल, बॉयोलॉजिकल हथियार और जहर आदि का इस्तेमाल करता हो, जिससे जान-माल का नुकसान हो तो ऐसे मामले में दोषी शख्स को उम्रकैद या फांसी की सजा तक हो सकती है। भारतीय न्याय संहिता विधेयक की धारा 113(5) में कहा गया है कि अगर कोई शख्स भारत की रक्षा परिसंपत्ति को नुकसान पहुंचाता हो या अन्य तरह की सरकार की ऐसी संपत्ति को नुकसान पहुंचाता हो तो वह आतंकवाद यानी टेरर एक्ट माना जाएगा। इसी कानून की धारा 113(बी) में कहा गया- अगर कोई संवैधानिक पद पर बैठे या पब्लिक फंक्शनरी पर हमला करता है या अगवा करता है या ऐसी मंशा रखता है तो ऐसे मामले को भी टेरर एक्ट माना जाएगा। इससे मौत होने पर उम्रकैद और फांसी की सजा का प्रावधान है। आपको याद होगा कि नागरिकता संशोधन एक्ट (सीएए) के खिलाफ देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए थे। कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन ने हिंसक रुख भी अख्तियार कर लिया। दिल्ली में जामिया मिलिया इस्लामिया के छात्रों ने भी विरोध प्रदर्शन के दौरान बसें और दूसरी गाड़ियां जला दीं थीं। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि छात्रों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन कोर्ट ने प्रदर्शन के दौरान हुए सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान पर नाखुशी जाहिर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि छात्रों को बसें जलाने का अधिकार किसने दे दिया? कोर्ट ने छात्रों को चेतावनी देते हुए कहा कि अपनी बात रखने के लिए उन्हें सड़क पर उतरने का अधिकार तो है लेकिन, वो अगर सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान करेंगे तो कोर्ट उनकी बात नहीं सुनेगा। अकसर विरोध प्रदर्शनों में सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान होता है। कभी बसें जला दी जाती हैं, कभी ट्रेनों पर पथराव होता है, कभी सरकारी इमारतों में तोड़-फोड़ होती है, तो कभी सरकारी ट्रांसपोर्ट व्यवस्था का नुकसान किया जाता है। ये सवाल बार-बार पूछा जाता था कि अगर विरोध प्रदर्शन में सरकारी संपत्ति का नुकसान होता है तो इसका जिम्मेदार कौन है? अब स्थिति साफ हो गई है। अब किसी ने सरकारी संपत्ति को हानि पहुंचाई तो लेने के देने पड़ जाएंगे। कहना ना होगा कि विरोध प्रदर्शन के कारण भारतीय रेलवे को तो हमेशा बलि का बकरा ही समझा जाता है। रेलवे को पिछले तीन सालों में लगभग 262 करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है और रेलवे को सबसे ज्यादा नुकसान 2022 में हुआ है। केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुछ समय पहले संसद में बताया था कि बीते तीन सालों में यानी कि 2020, 2021 और 2022 में भारतीय रेलवे को 1.78, 0.68 और 259.44 करोड़ रुपये का नुकसान विरोध प्रदर्शनों के दौरान रेलवे संपत्ति को क्षति पहुंचाने के कारण हुआ है। 2022 में भारतीय सेना द्वारा सेना में भर्ती के लिए अग्निपथ योजना लाई गई थी जिसका देश के कई राज्यों में काफी विरोध हुआ था। उस समय रेलवे की संपत्ति में तोड़फोड़ की कई घटनाएं सामने आई थीं। वहीं कई ट्रेनों को भी प्रदर्शनकारियों ने आग के हवाले कर दिया था।

आप का नजरीया

# संकल्प यात्रा में अव्वल उत्तर प्रदेश

**पिछले** छह वर्ष में देश- दुनिया में उत्तर प्रदेश की सकारात्मक छवि का निर्माण हुआ है। लोक कल्याण की 50 से अधिक योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश नंबर वन है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी उत्तर प्रदेश की बढ़त कायम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की थी। इस यात्रा के माध्यम से सरकार अपनी महत्वाकांक्षी पहल और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। इसका उद्देश्य सरकार और लोगों के बीच की दूरी को पाटना, समुदायों को सशक्त बनाना और एक समावेशी और विकासशील भारत की नींव रखना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में भागीदारी की दृष्टि से उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। करीब एक करोड़ प्रतिभागियों के साथ उत्तर प्रदेश अग्रणी है। उसके बाद महाराष्ट्र है। गुजरात तीसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह इन यात्राओं में सहभागी हो रहे हैं। योगी आदित्यनाथ का कहना है कि पहले जो सपने थे, वह आज साकार हो रहे हैं। प्रदेश में अब तक पचपन लाख गरीबों के लिए घर बनाए गए हैं। दस करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है। हर गरीब को अगले पांच साल तक फ्री राशन की सुविधा दी जा रही है। ये सब मोदी की गारंटी है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की मोदी की गारंटी है। ये शत-प्रतिशत क्रियान्वित होने वाली गारंटी है। इसके बाद हम सभी भारतीयों का संकल्प होना चाहिए कि हमारा देश, दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बने। इसके लिए आतंकवाद, नक्सलवाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार को समाप्त करना होगा। विकास की बड़ी योजनाएं मूर्त रूप ले रही हैं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के गांव, गरीब, किसान, महिला और नौजवानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शत-प्रतिशत जनता को योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए गांव-गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। योजनाओं से संबंधित स्टॉल, योजनाओं के फॉर्म और स्वास्थ्य मेला आदि का आयोजन हो रहा है। सभी लोगों को इस यात्रा में जुड़कर योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। आजमगढ़ में योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों का उल्लेख किया। विकास ने आजमगढ़ की छवि बदल दी है। यहां निर्माणाधीन महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य जनवरी में पूरा हो जाएगा। इसके अलावा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, संगीत महाविद्यालय, एयरपोर्ट जैसी योजनाएं आजमगढ़ को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने वाली साबित होंगी। आजमगढ़ में आज भय और आतंक नहीं, बल्कि विकास और संगीत की सुंदर लहरियां गूंज रही हैं। डबल इंजन की सरकार पूरी मजबूती के साथ जनता के हितों की रक्षा करने के लिए आई है। प्रदेश में लाखों करोड़ रुपये का निवेश होने जा रहा है, जिससे रोजगार के नये अवसरों का सृजन होगा। जिन्हें योजनाओं का लाभ अब तक नहीं मिला है, उनके लिए ही इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

# मोदी सरकार ने दिया गवर्नेंस का नया मॉडल : मंत्री शेखावत



**जोधपुर ( हिंस )।** केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने गवर्नेंस का नया मॉडल देश का दिया है। इसी मॉडल का परिणाम है कि योजनाएं सौ फीसदी पात्र लोगों तक पहुंच रही है। देश में गरीबों की संख्या में कमी आई है। शेखावत रविवार को लूणी विधानसभा क्षेत्र के झंवर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश जब आजाद हुआ, तब गरीब के मन में आशा थी कि उसके जीवन में भी परिवर्तन आएगा। लेकिन गरीबी हटाओ का नारा देकर बहुत लोगों ने सत्ता का सुख भोगा। अनेक योजनाएं भी बनी, लेकिन सरकारों का स्वभाव अभाव में काम करने का पड़ गया था। इसलिए योजनाओं का लाभ वास्तविक व्यक्ति तक नहीं पहुंच जा सकता था। गरीब विकास की रोशनी का इंतजार ही करता रहता था। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने गवर्नेंस का नया मॉडल दिया। योजनाओं का लाभ सौ फीसदी पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए। वह भी बिना किसी धर्म और जाति के भेदभाव के। हर घर में शौचालय होना चाहिए। हर घर में बिजली हो, गरीब के घर में गैस का चूल्हा हो, सभी के घर में पानी का नल पहुंचे और सभी को स्वास्थ्य का लाभ मिले। इस उद्देश्य से योजनाएं लागू की गई। इसी का नतीजा रहा कि साढ़े तेरह करोड़ लोग गरीबी की रेखा से उबर गए। तब भी किसी न किसी कारण से कई लोग होंगे, जो किसी कारण से पात्र होते हुए भी योजनाओं से वंचित रह गए। विकसित भारत संकल्प यात्रा ऐसे वंचित लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए चलाई गई है। इसमें पात्र लोगों का योजनाओं में पंजीकरण किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का सपना है कि आने वाले पच्चीस साल में देश को दुनिया का सिरमौर बने। विकसित भारत बनाने के इस कालखंड को मोदीजी ने अमृत काल की संज्ञा दी है। इसलिए उन्होंने गरीब को सुविधाएं देने का फैसला लिया। वे गरीब को ताकतवर बना रहे हैं, ताकि देश के निर्माण में उसका भी योगदान हो। उन्होंने कहा कि केवल सरकारें मिलकर देश को समृद्ध नहीं बना सकती। इसमें आम आदमी की भागीदारी जरूरी है। अब ऐसा हो भी रहा हे। देश बदल रहा है। नए हाईवे बन रहे हैं। रेल की व्यवस्था बदल रही है। देश के नव निर्माण का संकल्प लेना है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को ड्रोन की ट्रेनिंग दी जाएगी। महिलाओं के सशक्तीकरण और युवाओं में परिवर्तन का काम हो रहा है। मोदी सरकार जो कहती है वह करती है। मैं भरोसा दिलाता हूं कि दिसम्बर 2024 तक हर घर में पानी पहुंच जाएगा।

## हेरोइन व ड्रग मनी सहित महिला काबू

**जालंधर।** जालंधर पुलिस के हाथ उस समय कामयाबी लगी, जब एक महिला को हेरोइन व ड्रग मनी सहित काबू कर लिया गया। दरअसल थाना फिल्लौर के इंस्पैक्टर नीरज कुमार अपनी पुलिस पार्टी सहित फिल्लौर चुंगी पर नाकाबंदी की हुई थी तो एक महिला को शक होने पर उसे रोका गया और तलाशी लेने पर उससे 500 ग्राम हेरोइन व 5 लाख 22 हजार रुपए की ड्रग मनी बरामद की गई। गिरफ्तार महिला की पहचान अमरजीत कौर उर्फ जीता निवासी गांव परागपुर थाना ओड के रूप में हुई है। आरोपी महिला को काबू कर उसके खिलाफ एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं जांच में सामने आया है कि आरोपी महिला के खिलाफ अलग-अलग थानों में भी पहले नशा तस्करी के मामले दर्ज हैं।

## 10 साल तक भाजपा में रहे चिराग सिंघल अब हुए आपा के
### काफी साथियों को भी आम आदमी पार्टी में किया शामिल



**यमुनानगर ( हिंस )।** जगाधरी के प्रसिद्ध समाजसेवी चिराग सिंघल ने अपने दर्जनों साथियों के साथ भाजपा को छोड़कर आम आदमी पार्टी में निष्ठा दिखाते हुए उप-प्रदेशाध्यक्ष चित्रा सरवारा के हाथों पटका पहनकर शामिल हुए। चिराग सिंघल ने रविवार को बताया कि भाजपा सरकार ने 2014 में गाय के नाम पर वोट मांगे थेए लेकिन आज पूरे प्रदेश में गौ वंश सड़कों पर धक्के खाने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रॉपर्टी आईडी के सर्वे के नाम पर करोड़ों का घोटाला हुआ है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग कि कमियों पर उच्च न्यायालय ने जुर्माना लगाया है। जिससे साफ जाहिर है कि शिक्षा का स्तर गिरा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली और पंजाब में शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली के साथ-साथ भ्रष्टाचार पर जो काम किया जा रहा है। उससे प्रभावित होकर वें अपने साथियों के साथ आआपा में शामिल हुए है। उन्होंने कहा कि आआपा का पूरे प्रदेश में एक मजबूत संगठन तैयार हो गया है। पार्टी की और से प्रदेश में बदलाव यात्रा भी निकाली जा रही है। जिसके माध्यम से हम आमजन के बीच जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करेंगे। और 2024 के आने वाले चुनाव में प्रदेश में आआपा की सरकार भी बनाएंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने वेदांता पिंकसिटी हॉफ मैराथन का किया फ्लैग ऑफ

**जयपुर ( हिंस )।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के *स्वस्थ भारत* के संकल्प को साकार करती वेदांता पिंकसिटी हॉफ मैराथन रविवार को जगतपुरा में आयोजित हुई। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सुबह 7 बजे मैराथन को फ्लैग ऑफ किया। उन्होंने हजारों धावकों को आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। शर्मा ने कहा कि युवाओं को स्वस्थ और उत्साहित रहकर देश में राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लेना चाहिए। यह मैराथन *रन फॉर जीरो हंगर* के महत्वपूर्ण उददेश्य से हो रही है। इस आयोजन में 12 हजार से अधिक धावकों को एकजुट किया गया है। इससे एक लाख से अधिक जरूरतमंदों भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। हम सभी को मिलकर इस संकल्पना को साकार करना होगा। मैराथन में 21 कि.मी की हाफ मैराथन, 10 कि.मी की कूल रन और 5 कि.मी की ड्रीम रन कैटेगरी में धावकों ने दौड़ पूरी कर फिटनेस और एकजुटता का संदेश दिया। इस अवसर पर वेदांता समूह व आयोजन से जुड़ी प्रिया अग्रवाल हेब्बर, आकर्ष हेब्बर, डॉ. स्टीव मूर, अरूण मिश्रा और डॉ. मनोज सोनी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कांग्रेस राज में हुई बोर्ड, निगम अध्यक्षों की नियुक्तियां रद्द

**जयपुर ( हिंस )।** भाजपा सरकार ने कांग्रेस सरकार के समय बनी सभी बोर्ड, निगम, आयोग, टास्क फोर्स, राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय समितियों को भंग कर दिया है। इनमें मनोनीत गैर सरकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों की सेवाओं को भी समाप्त कर दिया है। प्रशासनिक सुधार विभाग ने इसके आदेश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री पद की शपथ के बाद सीएम भजनलाल शर्मा आज पहली बार दिल्ली में हैं।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का उद्घाटन

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के व्यक्तित्व की सराहना करते हुए उन्हें गीता का सच्चा अनुयायी बताया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गीता के संदेश को जमीनी स्तर पर सार्थक बनाया है, जब गांव के बच्चे को बिना पैसे के नौकरी का पत्र दिया है। उपराष्ट्रपति आज अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। जगदीप धनखड़ ने अपनी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, मुख्यमंत्री मनोहर लाल व अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ संगोष्ठी का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। धनखड़ ने कहा कि जब-जब मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुझे हरियाणा आने का निमंत्रण देते हैं, तो यहां आकर मुझे हर बार नया अनुभव व ऊर्जा मिलती है। इस बार तो कुरुक्षेत्र की धरा पर आने का सौभाग्य मिला है।

## मान व केजरीवाल ने शहीद अमरीक सिंह के परिवार को दी एक करोड़ की सहायता



**बठिंडा ( हिंस )।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ड्यूटी के दौरान बलिदान होने वाले भारतीय फौज के जवान अमरीक सिंह के परिवार को वित्तीय सहायता के तौर पर एक करोड़ रुपए का चैक सौंपा। शहीद के पिता गुरजंट सिंह को चैक सौंपते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरीक सिंह गांव झंडूके का रहने वाला था और वह झांसी (उत्तर प्रदेश) में तैनाती के दौरान धरती माता की सेवा करते हुए बलिदान हुआ। उन्होंने कहा कि इस जवान की तरफ से देश के लिए दिए गए महान बलिदान के सम्मान के तौर पर परिवार को यह वित्तीय सहायता दी जा रही है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि समूचा देश इन शहीदों का कर्जदार है, जिन्होंने देश और इसके लोगों के खातिर अपनी जानें कुर्बान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का यह विनम्र सा प्रयास देश की एकता, अखंडता और प्रभुसत्ता को बरकरार रखने के लिए धरती मां के इन पुत्रों के कीमती योगदान के सम्मान के तौर पर है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सैनिकों के महान बलिदान को मान्यता देने के लिए पंजाब सरकार की कोशिशों की सराहना की। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार सेवा के दौरान शहीद हुए हथियारबंद बलों के जवानों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दे रही है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना के उलट है, जहां शहीद जवानों के परिवारों को एक पैसे की भी आर्थिक सहायता या सम्मान न देकर शर्मसार किया जाता है।

## सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को दी श्रद्धांजलि, आरोपियों को कड़ी सजा की मांग



**फतेहाबाद ( हिंस )।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष स्व. सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के निधन के शोकस्वरूप क्षत्रिय राजपूत महासभा फतेहाबाद द्वारा रविवार को मॉडल टाऊन स्थित क्षत्रिय राजपूत महासभा पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता महासभा के जिला प्रधान जितेन्द्र भदौरिया ने की। इस अवसर पर मौजूद महासभा के सभी सदस्यों ने जहां दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की, वहीं उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर महासभा सदस्यों द्वारा फलदार पौधारोपण भी किया गया। महासभा के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र भदौरिया ने कहा कि हम सभी स्व. सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के पुण्यात्मा की शांति और परिजनों व समर्थकों को यह गहन दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं। क्षत्रिय समाज में सर्व समाज हित की रक्षा व जोड़ने वाला एक राष्ट्रीय नेता खोया है। हम सरकार से यही मांग करते हैं कि वह गोगामेड़ी की हत्या की गहनता से जांच करें और तह तक जाकर सभी आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जाए। इस घटना के बाद से पूरे भारतवर्ष में सर्व समाज में भारी रोष है। महासभा के कोषाध्यक्ष रणबीर भाटी ने श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सदस्यों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन चंदेल, संजीव ठाकुर, सुशील ठाकुर, सुनील ठाकुर, भारत रावत, अशोक मनकोटिया, वीरेन्द्र शेखावत, रविन्द्र छौक्कर, विक्रम ठाकुर सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# राजस्थान / पंजाब / हरियाणा / जम्मू

## पीएण नरेंद्र मोदी बच्चों के साथ करेंगे *परीक्षा पर चर्चा*
### विद्यालयों को प्रतिभागी छात्रों के पंजीकरण, चयन का निर्देश जारी

**प्रयागराज ( हिंस )।** छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र गोदी का अनूठा इंटरेक्टिव कार्यक्रम *परीक्षा पे चर्चा* के सातवें संस्करण का आयोजन जनवरी-फरवरी में नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित है। इसमें कक्षा 6 से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। यह जानकारी यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने रविवार को देते हुए बताया कि परीक्षा पे चर्चा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पंजीकृत करने और चयन करने के लिए 12 जनवरी तक वेबसाइट पर एक ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्न प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य अपने यहां कार्यरत शिक्षकों, अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को प्रतिभाग कराये जाने के साथ-साथ कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करने के लिए अपने स्वयं के सोशल मीडिया हैंडल आदि का प्रयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। विद्यालय अपने स्वयं के पोस्टर, क्रिएटिव, वीडियो आदि बना सकते हैं और पोस्ट कर सकते हैं।

## हमेशा देश को अस्थिर और बदनाम करते हैं टुकड़े-टुकड़े गैंग के सरगना राहुल गांधी : केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह

**बेगूसराय ( हिंस )।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने संसद पर हमले को लेकर राहुल गांधी पर जोरदार हमला किया है। उन्होंने रविवार को कहा है कि संसद पर हुए हमले जैसे संवेदनशील मुद्दे को राहुल गांधी भ्रष्टाचार और महंगाई से जोड़ रहे हैं। इस मामले में राहुल गांधी का देर से बयान आया है। गिरिराज सिंह ने रविवार को बेगूसराय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर पहले अपने लोगों से बुलवा लिया। तब ज्ञान बांट रहे हैं। राहुल गांधी तो ऐसे लोग हैं जो कभी जेएनयू जाकर अफजल की बरखी पर समर्थन करते हैं, तो कभी टुकड़े-टुकड़े गैंग के साथ खड़ा रहते हैं। देश को अस्थिर करने और नरेंद्र मोदी को बदनाम करने के लिए हमेशा काम किया है। किसान आंदोलन का जिस तरह से परत दर परत खुला, उसी तरह से संसद पर हुए हमले का भी परत दर परत खुलेगा। उसके बाद राहुल गांधी टुकड़े-टुकड़े गैंग के साथ खड़े देखेंगे, अफजल के सहयोगी के साथ दिखेंगे। क्योंकि वह तो कभी देश हित में खड़े दिखे ही नहीं। मोदी को बदनाम करते-करते अब देश को बदनाम कर रहे हैं। किसान आंदोलन में उनके टूल किट कनेक्शन का खुलासा हुआ था। उसी तरह संसद पर हुए हमले में भी बहुत सारी चीज सामने आएगी। राजद द्वारा संसद पर हुए हमले को भाजपा की साजिश बताए जाने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि राजद के ज्ञान पर कुछ भी कहना मुश्किल है। जल्द ही राजद के नेताओं को पता चल जाएगा कि यह राजद की साजिश है या किसी अन्य की। इसके साथ ही गिरिराज सिंह ने मंदिरों में बलि प्रथा बंद करवाने की मांग करने वालों एवं सड़क किनारे मांस बेचे जाने का विरोध करते हुए हिंदुओं से अपील किया है कि हलाल वाला नहीं, झटका वाला मांस खाओ। उन्होंने कहा कि देश में हिंदू धर्मावलंबी कई चीजों पर पुनर्विचार करते रहे हैं। श्याम मंदिर में बलि प्रथा बंद किया जाना, कमेटी का निर्णय है।

## झारखंड की जन भावनाओं को भाजपा समझती है : बाबूलाल मरांडी



**रांची ( हिंस )।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर है। पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में शपथ ग्रहण करते हुए कहा था कि उनकी सरकार गांव, गरीब, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़ा सहित सबका साथ-सबका विकास को समर्पित रहेगी। बाबूलाल रविवार को रांची ग्रामीण जिलांतर्गत नामकुम में आयोजित भाजपा मिलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मौके पर नामकुम जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा और खिजरी ग्राम पंचायत की मुखिया कर्मेला कच्छप के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने बाबूलाल मरांडी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बाबूलाल ने कहा कि साढ़े नौ वर्षों से मोदी सरकार अपने वादों पर खरा उतर रही है। इसलिए जनता का विश्वास मोदी सरकार पर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों के घर तक शौचालय देकर गरीब बहनों का इज्जत बढ़ाया, गरीबों को जनधन खाता से जोड़कर बैंक के दरवाजे पर पहुंचाया, पक्के मकान, गैस कनेक्शन, नल से जल ये सब गरीब के घरों की पहचान बन गए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना ने पांच लाख तक के इलाज की गारंटी दी। प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज ने किसी को भूखा नही सोने दिया। पीएम विश्वकर्मा योजना गांव के हुनरमंद पारंपरिक कारीगरों को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा जनभावनाओं को समझती है। 50 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने अलग राज्य आंदोलन को दबाया, उसकी बोली लगाई लेकिन अटल बिहारी के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार ने अलग झारखंड राज्य का सपना साकार किया।

## सास को गोली मारने वाले दो बदमाशों को बहु ने खदेड़ कर पकड़ा

**बेगूसराय ( हिंस )।** बेगूसराय पुलिस द्वारा लगातार एक्शन लिए के बाद जाने के बावजूद बदमाश पूरी तरह से बेखौफ हैं। रविवार को भी दिनदहाड़े बदमाशों ने एक महिला को गोली मार कर घायल कर दिया। घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र के चमथा पंचायत-एक की है। घायल महिला शंकर पासवान की पत्नी अनीता देहै। परिजन ने बताया कि मेरी सास 60 वर्षीय अनीता देवी दवा लेने जा रही थी। इसी दौरान चमथा रजौरी कुर्मा बांध के समीप ही गांव के अमरेश कुमार एवं एक अन्य बदमाशों ने गोली मार दिया। कमर में गोली लगते ही मेरी सास गिर गई। गोली की आवाज सुनकर जब हम लोग दौड़े तो दोनों बदमाश पिस्तौल एक घर में फेंक कर भागने लगा। लेकिन हम लोगों ने खदेड़ कर दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद घर में बंद कर पुलिस को सूचना दिया तथा दोनों को हथियार सहित बछवाड़ा थाना के हवाले कर दिया गया है। परिजनों का कहना है कि पांच कट्ठा जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है। वही हम लोगों का घर है, जिस पर रास्ता बंद करने से रोकने पर गोली मरवाया है। घायल महिला को इलाज के लिए बछवाड़ा सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां स्थिति गंभीर रहने के कारण सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपी से पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गोली लगने की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। जहां से दो आरोपी को हथियार सहित हिरासत में लिया गया है।

## भारत 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला देश बनने जा रहा : नंदी

**प्रयागराज ( हिंस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 10वें नम्बर से उठ कर दुनिया की 5वें नंबर की आर्थिक ताकत वाला देश बना है। वर्तमान में 3.75 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर अगले कुछ सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर पार कर दुनिया की टॉप-3 इकोनॉमी में शामिल होगी और यह कोई हवा-हवाई दावा नहीं है, बल्कि ये है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी। यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने रविवार को शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के मीरापुर सब्जी मंडी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ मोदी की गारंटी वाली गाड़ी का स्वागत करने के उपरान्त कहा। उन्होंने केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों के बारे में चर्चा की और सभी ने विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लिया। मंत्री नंदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी है, जो अब तक सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं। देश के विकास और गरीब कल्याण के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न नीतियों से क्षेत्र की जनता का जुड़ाव व लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी देख बहुत अच्छा लगा। आज भारत के कोने-कोने में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी से गांवों, कस्बों तथा शहरों में रोज लाखों लोग जुड़ रहे हैं। अंत्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति तथा विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में यह यात्रा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, योगेश शुक्ला, महानगर उपाध्यक्ष अनिल केसरवानी झल्लर, ज्ञानेश्वर शुक्ला, नरेश कुंद्रा, मंडल अध्यक्ष रणविजय सिंह, किशोरी लाल जायसवाल, नोडल अधिकारी राममूर्ति एवं अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने गौशाला में गौ सेवा के तहत किया 56 भोग का आयोजन




**अररिया ( हिंस )।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की फारबिसगंज इकाई की ओर से रविवार को श्री हरिहरनाथ गोशाला परिसर में गौ सेवा के तहत 56 भोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सुधा अग्रवाल ने तथा संचालन राखी डागा ने उपाध्यक्ष अनिता अग्रवाल और सचिव अंजु गोयल के सहयोग से किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नवपदस्थापित एसडीएम आईएएस शैलजा पांडेय ने उपस्थित होकर संस्था के कार्यों की प्रशंसा करते हुए आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जनसेवा के कामों की जितनी भी तारीफ की जाए वो कम होती है। क्योंकि इस भौतिकवादी युग में दूसरों की सेवा के साथ साथ पशु पक्षी की सेवा करना काफी मायने रखता है। समाजसेवा के कामों में सदा सहयोग देने का भरोसा भी उन्होंने महिलाओं को दिलाया। मौके पर संस्था की ओर से उपाध्यक्ष अनिता अग्रवाल और सचिव अंजु गोयल के द्वारा एसडीएम शैलजा पांडेय को शॉल और बुके देकर समानित करते हुए उनका कार्यकाल यादगार होने की आशा जताई। श्यामा राठी, सुनीता राजगड़िया और रंजना राठी के द्वारा भगवान श्रीगणेश की आराधना की गयी तो श्री श्याम महिला परिवार की सुमन लखोटिया, संगीता अग्रवाल, पूनम राठी और संतोष राठी ने अपने सामूहिक गीत से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सम्मेलन की सुमन जिंदल, बिना अग्रवाल, नीतू केडिया, रुचि गोयल, कविता अग्रवाल, एकता गोयल, नीता अग्रवाल संगीता फोगला, गिरिजा लोहिया, ज्योति फिटकिरीवाला, सारिका फिटकिरीवाला, अलका अग्रवाल, सोनू धानुका, पुनम अग्रवाल, कृष्णा गोयल, प्रीति अग्रवाल, शिवानी गोयल, मधु अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल आदि ने भरपूर सहयोग किया। 2021 में खुली इस शाखा के उल्लेखनीय कामों से अग्रवाल महासभा के अजातशत्रु अग्रवाल ने एसडीएम को अवगत कराते हुए आशा जताई की भविष्य में भी उनका सहयोग संस्थाओं को मिलता रहेगा। मौके पर डांस टीचर दीपकजी को उनके सहयोग तथा गोशाला कर्मियों को मारवाड़ी महिला सम्मेलन की सदस्यों के द्वारा सम्मानित किया गया।



# चीनी मिलों को गन्ने और शीरे से एथनॉल बनाने की मंजूरी मिली, चालू आपूर्ति वर्ष में गन्ने के रस से पहले ही बनाया जा चुका है कुछ एथनॉल

**नई दिल्ली।**
**सरकार ने आपूर्ति वर्ष 2023-24 में चीनी मिलों को एथनॉल बनाने के लिए गन्ने के रस और बी-हैवी शीरा दोनों का उपयोग करने की मंजूरी प्रदान कर दी, लेकिन इसके लिए दी जाने वाली चीनी की अधिकतम सीमा 17 लाख टन तय की गई है।**

सरकार ने यह फैसला एथनॉल बनाने के लिए गन्ने के रस और चीनी शीरे के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने के एक सप्ताह बाद किया है। दरअसल उद्योग जगत इस फैसले को वापस लेने की मांग कर रहा था। केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि आपूर्ति वर्ष 2023-24 नवंबर-अक्टूबर में एथनॉल उत्पादन के लिए 17 लाख टन चीनी की कुल सीमा के भीतर गन्ने के रस और बी-हैवी शीरे दोनों का उपयोग करने का विकल्प चीनी मिलों को दिया गया है। उन्होंने कहा कि मंत्रियों की एक समिति ने हाल ही में बैठक के दौरान यह निर्णय लिया। मंत्रियों की समिति ने पिछले सप्ताह लगाए गए प्रतिबंध को वापस लेने के बारे में उद्योग जगत से आई मांगों पर गौर करने के बाद यह फैसला किया। सरकार ने सात दिसंबर को एथनॉल उत्पादन में गन्ने के रस और चीनी सिरप के इस्तेमाल पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। हालांकि तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) से मिले मौजूदा प्रस्तावों के लिए एथनॉल की आपूर्ति की अनुमति दी थी। चोपड़ा ने कहा कि हम एथनॉल बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले गन्ने के रस और बी-हैवी शीरे के अनुपात पर निर्णय लेने के तौर-तरीकों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चालू आपूर्ति वर्ष में गन्ने के रस से पहले ही कुछ एथनॉल बनाया जा चुका है। खाद्य मंत्रालय के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि पिछला आदेश जारी करने से पहले गन्ने के रस से लगभग छह लाख टन एथनॉल बनाया जा चुका था। सरकार का अनुमान है कि चीनी सत्र 2023-24 में देश का चीनी उत्पादन घटकर 3.2-3.3 करोड़ टन रह जाएगा, जबकि पिछले पेराई सत्र में यह 3.7 करोड़ टन से अधिक रहा था।

## न्यूज ब्रीफ

### रघुराम राजन बोले- विकास दर 6 प्रतिशत से अधिक नहीं हुई तो भारत 2047 तक निम्न मध्यम अर्थव्यवस्था बना रहेगा



**नई दिल्ली ।** रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा कि अगर विकास दर 6 प्रतिशत से अधिक नहीं हुई तो भारत 2047 (अमृत काल) तक निम्न मध्यम अर्थव्यवस्था ही बना रहेगा। हैदराबाद में आयोजित मंथन कार्यक्रम में राजन ने कहा कि अगर देश तेजी से विकास नहीं करता है, तो वह अमीर होने से पहले (जनसांख्यिकीय रूप से) बूढ़ा हो जाएगा। इसका मतलब है कि उस समय बढ़ती उम्र वाली आबादी के बोझ से भी उसे निपटना होगा। आरबीआई के पूर्व प्रमुख ने कहा कि कुछ दक्षिणी राज्य जनसंख्या के मामले में प्रजनन दर से नीचे है। प्रजनन दर नीचे गिरने से विकास धीमा हो गया है। राजन के अनुसार विकास की वर्तमान गति देश को बूढ़ा होने से पहले अमीर बनाने के लिए अपर्याप्त है। साथ ही उन सभी को रोजगार देने के लिए भी पर्याप्त नहीं है, जो श्रम बल के रूप में तैयार हो रहे हैं। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने हाल ही में जारी चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में तेज वृद्धि का श्रेय बुनियादी ढांचा पर खर्च और दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के अच्छे प्रदर्शन को दिया है। राजन ने पिछले दिनों कहा था कि भारत की वृद्धि दर मजबूत होने के बावजूद निजी निवेश और निजी उपभोग में तेजी नहीं आई है।


### कायनेटिक जुलु इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च,ताबड़तोड़ मिलेगी जबर्दस्त रेंज




**नई दिल्ली ।** भारतीय स्कूटर बाजार में काइनेटिक ग्रीन ने कायनेटिक जुलु इलेक्ट्रिक स्कूटर को लॉन्च किया है। कंपनी के दावे के अनुसार, काइनेटिक जुलु पूरी तरह से मेड इन इंडिया इलेक्ट्रिक स्कूटर है और इसकी डिलीवरी अगले साल शुरू की जाएगी। कंपनी ने इसकी कीमत 94,900 रुपये (एक्स-शोरूम) तय की है। इच्छुक ग्राहक इस स्कूटर को कंपनी के ऑफिशियल वेबसाइट और अधिकृत डीलरशिप के माध्यम से बुक कर सकते हैं। इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की रेंज और फीचर्स को देखकर कहा जा सकता है कि ये बाजार में ओला एस1 एक्स+ और टीवीएस आईक्यूब को तगड़ी टक्कर दे सकता है.लुक और डिज़ाइन की बात करें तो काइनेटिक जुलु में कंपनी ने एलईडी हेडलैंप, एलईडी डे टाइम रनिंग लाइट्स, डिजिटल स्पीडोमीटर, ऑटो कट चार्जर और साइड स्टैंड सेंसर जैसी सुविधाएं दी गई है।अगर स्कूटर का स्टैंड नीचे होगा तो स्कूटर आगे नहीं बढ़ेगी और इंस्ट्रूमेंट कंसोल पर अलर्ट लाइट ब्लिंक होगी।यूजर को सामान रखने में सुविधा हो इसलिए स्कूटर के अंडरसीट स्टोरेज में भी लाइट दी गई है।काइनेटिक जुलु की रेंज की बात करें तो यह स्कूटर फुल चार्ज में 104 किलोमीटर तक की रेंज ऑफर करेगा। बेहतर राइडिंग एक्सपीरियंस के लिए स्कूटर के फ्रंट में टेलीस्कोपिक फोर्क के साथ दोनों पहियों पर डिस्क ब्रेक का इस्तेमाल किया है।

### जेएसडब्लू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल पर रेप का आरोपः महिला डॉक्टर ने मुंबई में दर्ज कराई एफआईआर, जनवरी 2022 का है मामला

**नई दिल्ली।** जेएसडब्लू ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर सज्जन जिंदल पर मुंबई में एक महिला ने



रेप का मामला दर्ज कराया है। महिला पेशे से डॉक्टर है। मुंबई बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 376, 354 और 503 के तहत जिंदल पर एफआईआर दर्ज हुई है। मामला 24 जनवरी 2022 का है, जिसको लेकर महिला ने फरवरी 2022 में पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन तब पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था। 5 दिसंबर23 को महिला ने कोर्ट में रिट पिटीशन दायर की, जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर 13 दिसंबर 23 को पुलिस ने एफआईदर्ज की। शिकायत करने वाली महिला ने बताया कि वो सज्जन जिंदल से पहली बार 8 अक्टूबर 2021 को दुबई में मिली थी। इसके बाद अक्टूबर 2021 से जनवरी 2022 तक दोनों की कई बार मुलाकात भी हुई। इस दौरान जिंदल ने उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। महिला ने आगे बताया कि 24 जनवरी को पेंटहाउस में स्थित जिंदल के ऑफिस पहुंची जहां उन्होंने उसके साथ रेप किया। महिला ने पहली बार 16 फरवरी 2022 को इसकी शिकायत लेकर पुलिस थाने पहुंची थी, लेकिन पुलिस ने वहां मामला दर्ज नहीं किया था।

# उद्धव ठाकरे के सीएम रहते टेंडर की शर्तें तय हुई धारावी स्लम मामले पर अदाणी समूह का बयान

**मुंबई ।**
देश के अलग-अलग हिस्सों में विकास परियोजनाओं पर काम कर रही अदाणी समूह ने महाराष्ट्र की धारावी स्लम परियोजना पर बयान दिया है। समूह का कहना है कि धारावी स्लम को दोबारा विकसित करने की इस परियोजना के लिए निष्पक्ष और प्रतियोगी निविदा की प्रक्रिया अपनाई गई। अदाणी समूह ने धारावी प्रोजेक्ट के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनाई जाने वाली टेंडर की प्रक्रिया का पालन करने का भी दावा किया है। समूह का कहना है कि टेंडर की शर्तों को उसी समय अंतिम रूप दिया जा चुका था, जब मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे महाविकास अघाड़ी सरकार चला रहे थे।

गौरतलब है कि धारावी के पुनर्विकास का जिम्मा अदाणी समूह को दिए जाने पर शिवसेना ने आक्रोश प्रकट किया है। पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने विरोध प्रदर्शन और मार्च की अगुवाई भी की। मार्च धारावी से शुरू होकर बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में अदाणी समूह के दफ्तर तक गया। विरोध के दौरान ठाकरे ने समर्थकों से कहा कि टेंडर प्रक्रिया में 100 करोड़ रुपये की टीडीआर अनियमितता सामने आई है। उन्होंने इसे दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला करार दिया। समूह का बयान इसके बाद सामने आया।

अदाणी ग्रुप ने धारावी प्रोजेक्ट के कुछ पहलुओं से जुड़ी फर्जी सूचनाएं फैलाने का आरोप लगाते हुए इसके पीछे संगठित प्रयास होने की बात कही और ऐसा करने के लिए अफसोस भी जाहिर किया। टीडीआर से जुड़ी अनियमितताओं के आरोप पर धारावी प्रोजेक्ट के प्रवक्ता ने कहा, इसे पारदर्शी तरीके से मैनेज किया जा रहा है। ग्रेटर मुंबई नगर निगम ने इसके लिए खास तौर पर पोर्टल भी विकसित किया है।

गौरतलब है कि जुलाई में महाराष्ट्र सरकार ने 259 हेक्टेयर में फैसले धारावी स्लम को दोबारा विकसित करने का जिम्मा औपचारिक रूप से अदाणी समूह की कंपनी को सौंप दिया था। जारी बयान में समूह ने कहा कि जून, 2022 तक एमवीए सरकार थी। टेंडर प्रक्रिया इससे पहले ही फाइनल कर दी गई थी। टेंडर मिलने के बाद शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है ऐसे में खास फायदा कराने के आरोप निराधार हैं। समूह ने कहा कि धारावी में रहने वाले लोगों को इसी क्षेत्र में नया घर मिलेगा। जो लोग यहां रहने के लिए अधिकृत नहीं है उन्हें रेंटल हाउसिंग पॉलिसी के तहत घर मुहैया कराए जाएंगे।




अदाणी समूह के अनुसार, महाराष्ट्र सरकार ने 99 साल का लीज एग्रीमेंट किया है। भारतीय रेल भी इस समझौते में शामिल है। बाद में इसे 30+30 साल के आधार पर सब-लीज किया जाएगा। मुंबई की दूसरी सरकारी जमीनों की तरह इसे भी हाउसिंग सोसाइटी को दिया जाएगा। अदाणी ग्रुप ने साफ किया कि धारावी पुनर्विकास परियोजना की नीतियों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### टॉप 10 वैल्युएबल कंपनियों में से 9 कंपनियों का संयुक्त एमकैप 2.26 लाख करोड़ बढ़ा, आईटी दिग्गज टीसीएस टॉप गेनर

**नई दिल्ली।** बीते कारोबारी हफ्ते शेयर बाजार के टॉप 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से 9 कंपनियों का संयुक्त मार्केट कैपिटलाइजेशन (एमकैप) पिछले हफ्ते 2.26 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इन 9 कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इंफोसिस का एमकैप सबसे अधिक बढ़ा। पिछले हफ्ते कुल 9 कंपनियों का एमकैप 2,26,391.77 करोड़ बढ़ा था। टीसीएस का एमकैप 85,493.74 करोड़ रुपये बढ़कर 14,12,412.13 करोड़ रुपये हो गया। इंफोसिस का एमकैप 36,793.61 करोड़ रुपये बढ़कर 6,55,457.54 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक का एमकैप 30,700.67 करोड़ रुपये चढ़कर 5,78,671.84 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का एमकैप 26,386.16 करोड़ रुपये बढ़कर 16,88,173.26 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक का एमकैप 18,493.9 करोड़ रुपये बढ़कर 7,27,330.82 करोड़ रुपये हो गया और एलआईसी का एमकैप 14,294.5 करोड़ रुपये बढ़कर 5,03,722.82 करोड़ रुपये हो गया। आईटीसी का एमकैप 11,412.78 करोड़ रुपये बढ़कर 5,71,636.39 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक एमकैप 2,428.72 करोड़ रुपये बढ़कर 12,57,093.46 करोड़ रुपये हो गया। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का एमकैप 387.69 करोड़ रुपये बढ़कर 5,92,801.88 करोड़ रुपये हो गया। सिर्फ भारती एयरटेल का एमकैप पिछले हफ्ते घटा है। एयरटेल का एमकैप 3,654.15 करोड़ रुपये घटकर 5,58,242.75 करोड़ रुपये रह गया। दिसंबर को सेंसेक्स 969.55 अंक या 1.37 प्रतिशत बढ़कर 71,483.75 के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर बंद हुआ था। दिन के दौरान बीएसई 1,091.56 अंक या 1.54 प्रतिशत बढ़कर 71,605.76 पर पहुंच गया जो इंट्रा-डे ट्रेड में ऑल टाइम हाई था।

# हेल्थ इंश्योरेंस कवरेज में सिर्फ छह फीसद बुजुर्ग, सबसे ज्यादा केरल के बुजुर्गों की हैं हिस्सेदारी



**नई दिल्ली।**
बीमा सेक्टर का निजीकरण किये हुए 23 वर्ष हो गये। इस दौरान देश में सरकार व निजी क्षेत्र की दर्जनों बीमा कंपनियां काम करती हैं। इनकी तरफ से बुजुर्गों के लिए कम से कम 15 तरह की विशेष हेल्थ बीमा पॉलिसियां की शुरुआत भी की गई है। केंद्र सरकार की तरफ से पीएम जन आरोग्य योजना की भी शुरुआत की गई जो देश की बड़ी आबादी को हेल्थ बीमा की सुविधा देती है।

कई राज्यों की तरफ से भी हेल्थ बीमा स्कीम चलाये जा रहे हैं। लेकिन इस सभी के बावजूद देश के अधिकांश बुजुर्गों के पास हेल्थ बीमा की कोई सुविधा नहीं है। पिछले वित्त वर्ष जितनी हेल्थ बीमा पॉलिसियां बेची गई उनमें बुजुर्गों की हिस्सेदारी सिर्फ 6.15 फीसद है। साफ है कि बुजुर्गों के पास बीमार होने पर अपनी बचत की राशि से इलाज करने या दूसरे के भरोसे रहने के अलावा और कोई चारा नहीं है। यह आंकड़ा पिछले दिनों वित्त मंत्रालय की तरफ से लोकसभा में दिया गया है तो बताता है कि हेल्थ बीमा को लेकर कुछ नई सोच ले कर आना होगा।

सरकार की तरफ से दी गई सूचना के मुताबिक स्टार हेल्थ, टाटा एआईजी लाइफ इंश्योरेंस, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, न्यू इंडिया इंश्योरेंस, बजाज एलायंज जनरल इंश्योरेंस, एचडीएफसी एर्गो जनरल, नीवा बुपा हेल्थ इंश्योरेंस, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल, यूनिवर्सल सोम्पो जनरल जैसी दर्जन भर कंपनियों की तरफ से खास तौर पर बुजुर्गों के लिए 15 बीमा उत्पाद बाजार में लांच किये गये हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार की तरफ से लांच की गई आयुष्मान भारत (एबी-पीएमएवाई) स्कीम भी है और राज्य सरकारों की अपनी स्कीम भी अलग-अलग है।

एबी-पीएमएवाई के तहत पांच लाख रुपये तक का हेल्थ बीमा कवरेज दिया जा रहा है। पीएमएवाई के तहत 6.14 बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड जारी हुए हैं। इसके अलावा हेल्थ बीमा उत्पादों की बिक्री बीमा कंपनियां कर रही हैं। इन कंपनियों की तरफ से वर्ष 2022-23 में कुल 18.01 करोड़ लोगों को हेल्थ बीमा दिया गया है जिनमें बुजुर्गों की संख्या 1.11 करोड़ है जो 6.14 फीसद होता है केंद्र सरकार का यह आंकड़ा तब आया है जब बीमा क्षेत्र की नियामक एजेंसी इरडा ने भी देश में हेल्थ बीमा के बेहद कम अनुपात पर चिंता जताई है। वैसे समग्र तौर पर बीमा पालिसियां का अनुपात भारत में अभी भी काफी कम है।

# देश के कई बड़े शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हुआ बदलाव, ब्रेंट क्रूड का भाव मामूली रूप से टूटकर 76.55 डॉलर प्रति बैरल

**नई दिल्ली ।**
सरकारी तेल कंपनियों ने देश के कई बड़े शहरों में पेट्रोल और डीजल के खुदरा भाव बदल दिए हैं। यूपी हो हरियाणा या फिर बिहार सभी राज्यों के प्रमुख शहरों में तेल की कीमतों में बदलाव हुआ है। हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों में तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस बीच वैश्विक बाजार में क्रूड की कीमतों में भी मामूली गिरावट देखी गई। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार गाजियाबाद में पेट्रोल 14 पैसे महंगा होकर 96.58 रुपये लीटर हो गया है, जबकि डीजल 13 पैसे चढ़कर 89.75 रुपये लीटर बिक रहा है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 20 पैसे सस्ता हो गया और 107.54 रुपये लीटर बिक रहा, जबकि डीजल 19 पैसे गिरकर 94.32 रुपये लीटर हो गया है। हरियाणा के गुरुग्राम में पेट्रोल 1 पैसे महंगा हुआ और 96.97 रुपये लीटर हो गया है, डीजल भी 1 पैसे बढ़त के साथ 89.84 रुपये लीटर बिक रहा। कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में मामूली बदलाव हुआ है। ब्रेंट क्रूड का भाव मामूली रूप से टूटकर 76.55 डॉलर प्रति बैरल के भाव चल रहा है। डब्ल्यूटीआई का भाव भी वैश्विक बाजार में 71.43 डॉलर प्रति बैरल चल रहा है।



दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, गाजियाबाद में पेट्रोल 96.58 रुपये और डीजल 89.75 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.54 रुपये और डीजल 94.32 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गुरुग्राम में पेट्रोल 96.97 रुपये और डीजल 89.84 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# ग्रेजुएशन करने वालों के लिए अच्छी खबर, जुलाई 2022 से जून 2023 तक 13.4 प्रतिशत घटी बेरोजगारी दर

**नई दिल्ली।**
देश में रोजगार को लेकर बड़ी और अच्छी खबर सामने आ रही है। एक सरकारी सर्वे के मुताबिक ग्रेजुएट करने वाले छात्रों के बीच बेरोजगारी कम हुई है। सर्वे के मुताबिक 15 साल और उससे अधिक आयु वर्ग के ग्रेजुएट के बीच बेरोजगारी दर 2022-23 में घटकर 13.4 प्रतिशत हो गई है, जो एक साल पहले 14.9 प्रतिशत थी।

**कहां सबसे कम बरोजगरी** - सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा किए गए लेटेस्ट आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार, 15 साल और उससे अधिक आयु के ग्रेजुएट के बीच साल 2022-23 के दौरान सबसे कम बेरोजगारी दर चंडीगढ़ में 5.6 प्रतिशत रही। दूसरे नंबर पर 5.7 प्रतिशत के साथ दिल्ली का स्थान रहा।

**सबसे अधिक बेरोजगार इस राज्य में** - आंकड़ों के अनुसार अंडमान और निकोबार द्वीप में सबसे अधिक बेरोजगारी 33 प्रतिशत है, इसके बाद लद्दाख में 26.5 प्रतिशत और आंध्र प्रदेश में 24 प्रतिशत है। बड़े राज्यों की बात करें तो राजस्थान में बेरोजगारी दर 23.1 प्रतिशत और ओडिशा में 21.9 प्रतिशत है। आपको बता दें कि हस्स्ह ने अप्रैल 2017 में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण को शुरू किया था

**अब तक पांच रिपोर्ट हो चुकी है जारी** - मंत्रालय द्वारा जुलाई



2017-जून 2018, जुलाई 2018-जून 2019, जुलाई 2019-जून 2020, जुलाई 2020-जून 2021 और जुलाई 2021-जून 2022 के दौरान पीएलएफएस में एकत्र आंकड़ों के आधार पर पांच साल की रिपोर्टें जारी की है। वर्तमान में जारी रिपोर्ट छठी रिपोर्ट है। रिपोर्ट के मुताबिक - जुलाई 2022-जून 2023 की अवधि के लिए आवंटित सैंपल के संबंध में जानकारी एकत्र करने के लिए फील्ड कार्य, राज्य के लिए 51 पहली यात्रा और 68 पुनरीक्षण एफएसयू को छोड़कर, पहली यात्रा के साथ-साथ पुनरीक्षित नमूनों के लिए समय पर पूरा किया गया था। मणिपुर की, पिछली तिमाही, अप्रैल-जून 2023 में आवंटित, जिन्हें अशांत क्षेत्र की स्थिति और इंटरनेट सेवाओं की अनुपलब्धता के कारण हताहत माना गया था।

## अगले साल किआ को बिक्री में 10 फीसदी इजाफे की उम्मीद

# स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल का बढ़ रहा है बाजार

**नई दिल्ली।**
**ऑटोमोबाइल सेक्टर की कंपनी किआ को भारत में अगले साल बिक्री में कम से कम 10 फीसदी इजाफे की उम्मीद है। कंपनी का जोर प्रीमियम कॉम्पैक्ट एसयूवी और इलेक्ट्रिक वाहनों पर ही रहेगा। किआ इंडिया के नैशनल हेड (सेल्स ऐंड मार्केटिंग) हरदीप सिंह बराड़ ने कहा कि कैलेंडर वर्ष 2023 में कंपनी को 2.25 लाख वाहन बिकने की उम्मीद है। इसमें 70,000 वाहनों का निर्यात भी शामिल है।**

अगले साल बिक्री में कम से कम 10 फीसदी वृद्धि का उसका अनुमान है। मगर बिक्री बढ़ाने के लिए इंट्री लेवल और किफायती कार सेगमेंट में कदम रखने की कोरियाई कंपनी की कोई योजना नहीं है। बराड़ ने कहा कि 10 साल पहले हैचबैक और सिडैन की 65 फीसदी हिस्सेदारी थी, जो अब गिरकर 30 फीसदी से भी कम रह गई है। इस समय भारत में स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल का ही बाजार बढ़ रहा है, इसलिए किया एसयूवी ही लाएगी मगर दूसरी कंपनियों की तरह इंट्री लेवल पर बेहद कम कीमत की एसयूवी शायद ही आए।

किया ने अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी सॉनेट के नए संस्करण से आज पर्दा हटाया। नई सॉनेट में डीजल इंजन के साथ मैनुअल ट्रांसमिशन एक बार फिर दिया गया है। साथ ही इसके सभी मॉडलों में 6 एयरबैग के साथ नई ऑटोमैटिक सुरक्षा प्रणाली एडैस भी दी गई है। नई एसयूवी की प्री बुकिंग 20 दिसंबर से शुरू होगी और अगले साल इसकी डिलिवरी आरंभ कर दी जाएगी। मौजूदा सॉनेट 8 लाख से 14 लाख रुपये की आती है। नए संस्करण की कीमत स्वाभाविक रूप से अधिक होगी मगर उसका खुलासा नए साल पर ही किया जाएगा। ईवी के बारे में पूछने पर बराड़ ने कहा, 'इलेक्ट्रिक वाहनों में किया काफी मजबूत है और भारत में भी इस पर हमारा पूरा जोर है। मगर भारत में अब भी 98 फीसदी गाड़ियां पेट्रोल और डीजल इंजन वाली ही बिकती हैं।

ईवी की हिस्सेदारी केवल 2 फीसदी है, जिसे 2030 तक भी बढ़कर 15 से 20 फीसदी होने का ही अनुमान है। इसलिए अभी कोई भी कार कंपनी इस सेगमेंट में पूरी ताकत के साथ नहीं जुट रही है। हम भी बाजार बढ़ने के साथ यहां अपने ईवी मॉडल बढ़ाते जाएंगे।'मगर उन्होंने कहा कि किया आने वाले दो साल में भारत में दो इलेक्ट्रिक गाड़ियां पेश करने जा रही है। भारत में किया ईवी6 पहले ही बेच रही है, जिसकी एक्स शोरूम कीमत लगभग 61 लाख रुपये से शुरू होती है। अगले साल कंपनी अपनी ताकतवर इलेक्ट्रिक कार ईवी9 उतारने जा रही है और 2025 में किफायती कीमत के साथ एक ईवी उतारी जाएगी। बराड़ ने कहा कि इसके बाद बाजार और मांग में इजाफे के हिसाब से ही नए मॉडल पेश करने पर विचार किया जाएगा। लेकिन जापानी कंपनियों की तरह हाइब्रिड कार लाने का किया का कोई भी इरादा नहीं है।

गाड़ियों की प्रतीक्षा अवधि घटाने पर उन्होंने कहा, 'हमारे कारखाने की उत्पादन क्षमता 3 लाख वाहन की है, जिसे इस साल बढ़ाकर 3.25 लाख कर लिया जाएगा। जैसे-जैसे मांग बढ़ेगी, हम पालियां बढ़ाकर, ऑटोमेशन का सहारा लेकर और कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर उत्पादन 4 लाख वाहन सालाना तक पहुंचा लेंगे। बराड़ ने कहा कि जिन कंपनियों के पास ईवी के लिए स्पष्ट रणनीति नहीं है, वे फौरी इंतजाम के तौर पर हाइब्रिड उतार रही हैं। मगर हाइब्रिड वाहन ईंधन पर खर्च घटाने के मामले में ईवी का मुकाबला नहीं कर पाते और ग्राहक उनका पिकअप भी कम रहने की शिकायत करते हैं। इसलिए हाइब्रिड में किया की फिलहाल कोई दिलचस्पी नहीं है।



# बचपन से पोलियोग्रस्त थे दोनों पैर जज्बे से ऊंचाई छू रहे दिल्ली के सुधीर

**नई दिल्ली।**
**जिंदगी के सफर में जीत उन्हीं की होती है, जो चुनौतियों से घबराकर बढ़ना नहीं छोड़ते। ऐसी ही एक कहानी राजधानी के डिस्कस थ्रोअर सुधीर की है। उनके दोनों पैर बचपन से ही पोलियोग्रस्त थे।**

पांच वर्ष पहले खेलों में आए सुधीर को कैंसर ने अपनी चपेट में ले लिया था। इस कारण इसी वर्ष मार्च माह में एम्स अस्पताल में कैंसरग्रस्त उनका दाहिना पैर काटना पड़ा। इसके बावजूद उनका जज्बा कम नहीं हुआ।

### खेलो इंडिया पैरा गेम्स में पदक से चूके

पैर कटने के नौ महीने बाद सुधीर ने मैदान में वापसी की और खेलो इंडिया पैरा गेम्स में डिस्कस थ्रो की एफ-55 वर्ग में 29.79 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे, लेकिन यह उनके निराश होने का नहीं बल्कि खुशी मनाने का वक्त था क्योंकि कैंसर को हराकर नई जिंदगी पाने के बाद वह मैदान में लौटे हैं। अपने प्रदर्शन पर सुधीर ने कहा कि उन्हें किसी पदक नहीं जीत पाने का कोई गम नहीं है। जिंदा हूं और खेल रहा हूं यह मेरे लिए खुशी की बात है। सुधीर ने साल 2021 में ओडिशा में आयोजित पैरा नेशनल्स में डिस्क्स थ्रो में 32.04 मीटर के साथ रजत पदक जीता था। इसी खेल में उन्होंने जेवलिन थ्रो में भी 23.98 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता था। इसके बाद वर्ष 2022 में बेंगलुरू में आयोजित पैरा नेशनल्स में सर्जरी से ठीक पहले उन्होंने डिस्क्स थ्रो में कांस्य पदक जीता था।

### इटली में डिस्कस थ्रो में जीता था रजत पदक

वह इटली में साल 2022 में आयोजित ग्रां प्री में भी डिस्कस थ्रो में ही रजत पदक जीता था। वह अपने कोच डॉ. सतपाल की देखरेख में अभ्यास करते हैं। सुधीर ने बताया कि बचपन से दोनों पैरों में दिक्कत होने के कारण पढ़ाई या अन्य कोई काम नहीं कर सका। फिर खेलों का रुख किया। मेरे पास मेरा खेल है, कोच है, दोस्त हैं, जो मेरी जिंदगी में ताकत हैं। उनके पिता एक किसान हैं। साल 2018 में 12वीं तक पढ़ाई करने के बाद वह एक आटा चक्की में काम करते थे। वहां मन न लगने की वजह से उन्होंने खेलों में आने का मन बनाया। उनका बड़ा भाई राजेंदर सिंह 800 मीटर में दौड़ लगाता था और स्पोर्ट्स में सेना में नौकरी करता है। जिसको देखकर उन्होंने भी खेल में जमकर मेहनत करनी शुरू कर दी थी।

## न्यूज ब्रीफ

### आखिरी ओवर में 21 रन बनाकर तीसरा टी-20 जीता इंग्लैंड: फिल सॉल्ट की नॉटआउट सेंचुरी; वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराया



**ग्रेनेडा।** इंग्लैंड ने ग्रेनेडा के सेंट जॉर्ज नेशनल स्टेडियम में खेले गए तीसरे टी-20 मैच में ओपनर फिल सॉल्ट के नाबाद शतक और हैरी ब्रूक की 400 की ज्यादा स्ट्राइक रेट से बनाए गए रन की बदौलत वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराया। 5 टी-20 मैचों की सीरीज में वेस्टइंडीज अभी 2-1 से आगे है। इस मैच में इंग्लैंड को जीतने के लिए आखिरी 24 गेंदों में 71 रन चाहिए थे। इंग्लैंड के ओपनर सॉल्ट ने 56 गेंदों में नाबाद 109 रन और हैरी ब्रूक ने 442.86 की स्ट्राइक रेट से 7 गेंदों पर नाबाद 31 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 6 विकेट विकेट 222 रन बनाए। 223 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने 1 गेंद शेष रहते हुए 226 रन बनाकर 7 विकेट से मैच जीत लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने 8 रन के स्कोर पर दो विकेट गवां दिए। पहले ओपनर ब्रैंडन किंग ने मोइन अली की गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 5 गेंदों पर 8 रन बनाए। वहीं दूसरे ओपनर काइल मायर्स ने भी बिना खाता खोले ही रिस टोपले की गेंद पर जोस बैटलर को कैच देकर पवेलियन लौट गए। उसके बाद निकोलस पूरन ने पारी को संभाला।

### न्यूयॉर्क कर सकता है टी20 विश्व कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले की मेजबानी

**नई दिल्ली ।** 2024 टी20 विश्व कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले की मेजबानी न्यूयॉर्क कर सकता है। गौरतलब है कि पुरुष टी20 विश्व कप वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) में संयुक्त रूप से आयोजित होने वाला है। टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से लॉन्ग आइलैंड, न्यूयॉर्क में अप स्टेडियम में हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और स्थानीय आयोजन समितियां पूर्ण कार्यक्रम पर हस्ताक्षर करेंगी, जिसमें टूर्नामेंट 4 से 30 जून तक आयोजित किया जाएगा। लॉन्ग आइलैंड पर आइजनहावर पार्क, जो भारत-पाकिस्तान मैच की मेजबानी कर सकता है, में 34,000 सीटों वाला एक अस्थायी क्रिकेट स्टेडियम होगा और मैनहट्टन शहर में बड़ी संख्या में भारतीय और पाकिस्तानी मूल के लोगों की सुविधा होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि शेड्यूल में कुछ बदलाव अभी भी संभव हैं, लेकिन इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया अपने सभी ग्रुप मैच कैरेबियन में खेलेंगे। यह समझा जाता है कि इंग्लैंड के मैच अपने शुरुआती, पांच-टीम समूह में और, अगर वे उसमें से अर्हता प्राप्त करते हैं, तो सुपर 8 राउंड में सभी ब्रिटिश पर्यटक आकर्षण के केंद्र एंटीगा, बारबाडोस और सेंट लूसिया में होंगे। बता दें कि आईसीसी निरीक्षक पिछले एक पखवाड़े से कैरेबियाई स्थलों का दौरा कर रहे हैं, जो इस सप्ताह गयाना में समाप्त होगा। हालांकि उन्होंने पाया कि कुछ सुधार और विस्तार अभी भी आवश्यक है, लेकिन उन्हें कोई महत्वपूर्ण समस्या नहीं मिली है।



### ओडिशा मास्टर्स के फाइनलिस्ट तय, आयुष और सतीश के बीच खेला जाएगा खिताबी मुकाबला

**कटक ।** विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी ने यहां इंडोनेशिया के अलवी फरहान को तीन गेम तक चले रोमांचक मैच में हराकर ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना एक अन्य भारतीय खिलाड़ी सतीश कुमार करुणाकरण से होगा। कर्नाटक के रहने वाले आयुष अमेरिका के स्पोकेन में विश्व जूनियर चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में फरहान से हार गए थे और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि फरहान को 19-21, 21-14, 22-20 से पराजित करके बदला चुकता किया और पहली बार सुपर 100 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। सतीश ने पिछली बार के चैंपियन किरण जॉर्ज को 41 मिनट में 21-18, 21-14 से पराजित करके फाइनल में जगह बनाई। सतीश भी पहली बार सुपर 100 टूर्नामेंट के फाइनल में खेलेंगे।



भारत ने साउथ अफ्रीका को 8 विकेट से हराया

# पहले वनडे में श्रेयस और सुदर्शन की फिफ्टी अर्शदीप-आवेश ने मिलकर 9 विकेट झटके

**जोहान्सबर्ग।**
भारत ने साउथ अफ्रीका को पहले वनडे में 8 विकेट से हरा दिया है। जोहान्सबर्ग में अर्शदीप सिंह और आवेश खान ने मिलकर 9 विकेट झटके। वहीं डेब्यूटांट साई सुदर्शन ने फिफ्टी लगाकर टीम को जीत के पार पहुंचाया। भारत से श्रेयस अय्यर ने भी 52 रन बनाए।

न्यू वांडरर्स स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम 27.3 ओवर में 116 रन बनाकर ही ऑलआउट हो गई। अर्शदीप को 5 और आवेश को 4 विकेट मिले। 117 रन का टारगेट भारत ने 16.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 55 रन बनाए।

पहले वनडे में जीत के साथ भारत ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा वनडे 19 दिसंबर को सेंट जॉर्ज पार्क केबेरा में खेला जाएगा। ये मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे से शुरू होगा।

**श्रेयस-सुदर्शन ने की 88 रन की पार्नरशिप** - चौथे ओवर में पहला विकेट गिरने के बाद श्रेयस अय्यर और साई सुदर्शन ने भारत की पारी संभाली। दोनों फिफ्टी पार्टनरशिप कर टीम को 100 रन के पार पहुंचाया। श्रेयस 52 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 88 रन की साझेदारी टूटी।

सुदर्शन 55 रन बनाकर तिलक वर्मा (1* रन) के साथ नॉटआउट रहे और टीम को 8 विकेट से जीत दिला दी। साउथ अफ्रीका से एंडिले फेलुक्वायो और नांद्रे बर्गर को 1-1 विकेट मिला।

**पावरप्ले-1 में भारत ने 61 रन बनाए** - 117 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी टीम इंडिया को संभली हुई शुरुआत मिली। ओपनर ऋतुराज गायकवाड ने डेब्यूटांट साई सुदर्शन के साथ 3 ओवर में 17 रन जोड़े। चौथे ओवर में गायकवाड 5 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें वायन मुल्डर ने आउट किया। टीम ने 23 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाया। नंबर-3 पर उतरे श्रेयस अय्यर ने सुदर्शन के साथ पारी संभाली और आगे कोई और विकेट नहीं गिरने दिया। टीम ने शुरुआती 10 ओवर में 61 रन बनाए।



**27.3 ओवर में ऑलआउट हो गया साउथ अफ्रीका** - अर्शदीप सिंह और आवेश खान की स्विंग और उछालभरी गेंदबाजी के आगे साउथ अफ्रीका 116 रन पर ही ऑलआउट हो गया। अर्शदीप ने 5 और आवेश ने 4 विकेट लिए। कुलदीप यादव को भी एक सफलता मिली। साउथ अफ्रीका के कप्तान ऐडन मार्करम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। उनका ये फैसला उन्हीं के खिलाफ चले गया। टीम 27.3 ओवर ही बैटिंग कर सकी और 116 रन के स्कोर पर अपने सभी विकेट गंवा दिए।

**3 बैटर्स खाता भी नहीं खोल सके** - साउथ अफ्रीका से ओपनर रीजा हेंड्रिक्स, रासी वान डर डसन और वायन मुल्डर खाता खोले बगैर ही आउट हो गए। एंडिले फेलुक्वायो ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। टोनी डी जॉर्जी ने 28, ऐडन मार्करम ने 12 और तबरेज शम्सी ने 11 रन बनाए। बाकी बैटर्स 10 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। नांद्रे बर्गर 7, हेनरिक क्लासन 6, डेविड मिलर 2, केशव महाराज 4 रन ही बना सके।

**आखिरी 4 बैटर्स ने 58 रन जोड़े** - साउथ अफ्रीका ने 58 रन के स्कोर पर ही 7 विकेट गंवा दिए थे। यहां से एंडिले फेलुक्वायो ने गेंदबाजों के साथ पार्टरनशिप बनाई और टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचा दिया। फेलुक्वायो 33 रन बनाकर आउट हुए। उनके सामने केशव महाराज ने 4, नांद्रे बर्गर ने 7 और तबरेज शम्सी ने 11 रन बनाए। आखिरी 4 बैटर्स ने मिलाकर टीम के लिए 58 रन जोड़े।

**साउथ अफ्रीका ने 16 रन बनाने में 5 विकेट गंवाए** - साउथ अफ्रीका का स्कोर 7.4 ओवर में 42 रन पर 2 विकेट था। लेकिन टीम ने अगले 16 ही रन जोड़ने में 5 विकेट गंवा दिए और 13 ओवर के बाद स्कोर 58/7 हो गया। साउथ अफ्रीका से टोनी डी जॉर्जी, हेनरिक क्लासन, ऐडन मार्करम, वायन मुल्डर और डेविड मिलर आउट हुए। शुरुआती 10 ओवर में साउथ अफ्रीका को चारों झटके अर्शदीप सिंह ने दिए। वहीं 11वें के बाद आवेश ने भी 4 विकेट झटक लिए।

**साउथ अफ्रीका ने 3 गेंद में 3 विकेट गंवाए** - 9.5 ओवर तक साउथ अफ्रीका ने 3 विकेट पर 52 रन बनाए, यहां कप्तान ऐडन मार्करम और हेनरिक क्लासन क्रीज पर थे। पारी में शुरुआती 3 विकेट ले चुके अर्शदीप सिंह ने 10वें ओवर की आखिरी गेंद पर क्लासन को भी बोल्ड कर दिया। अगले ओवर में तेज गेंदबाज आवेश खान ने कप्तान ऐडन मार्करम को भी पवेलियन भेज दिया। साउथ अफ्रीका की आधी टीम 52 रन के स्कोर डगआउट में लौट चुकी थी। **अर्शदीप को 2 गेंद में 2 विकेट** - अर्शदीप ने पारी के दूसरे ओवर में रीजा हेंड्रिक्स को बोल्ड कर दिया, हेंड्रिक्स 8 गेंद खेलकर भी अपना खाता नहीं खोल सके। फिर पांचवीं ही गेंद पर उन्होंने रासी वान डर डसन को भी आउट कर दिया। दोनों बैटर्स खाता नहीं खोल सके। अर्शदीप ने 8वें ही ओवर में टोनी डी जॉर्जी को भी कॉट बिहाइंड कराया। टोनी 28 रन ही बना सके। 10वें ओवर की आखिरी बॉल पर उन्होंने हेनरिक क्लासन को भी बोल्ड कर दिया। क्लासन 6 रन ही बना सके। साउथ अफ्रीका ने शुरुआती 10 ओवर में 52 रन बनाए लेकिन 4 विकेट भी गंवा दिए।

**साई सुदर्शन का डेब्यू** - भारत से लेफ्ट हैंड बैटर साई सुदर्शन को डेब्यू का मौका मिला। वह ऋतुराज गायकवाड के साथ ओपनिंग करने उतरे। टीम में संजू सैमसन और तिलक वर्मा को भी मौका मिला। गेंदबाजों में अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की स्पिन जोड़ी के साथ अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मुकेश कुमार के रूप में 3 पेसर्स हैं।

# तीरंदाज ज्योति सुरेखा हुई निराश, मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड में नाम नहीं



**नई दिल्ली ।**
विश्व की नंबर 1 मिश्रित और टीम दोनों में प्रथम कंपाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने हांगझोउ में एशियाई खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड के लिए नजरअंदाज करने पर निराशा व्यक्त की है। बैडमिंटन पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाई-राज और चिराग शेट्टी का नाम खेल रत्न के लिए 12 सदस्यीय अवॉर्ड चयन समिति द्वारा दिया गया है। पिछले 6 महीनों में, सुरेखा ने कुल 13 इंटरनेशनल मेडल जीते हैं, जोकि कुछ इस प्रकार हैं, एशियाड में तीन स्वर्ण (व्यक्तिगत, टीम और मिश्रित टीम), विश्व चैंपियनशिप में एक स्वर्ण और रजत, विश्व कप में चार स्वर्ण और दो कांस्य और एशियाई चैंपियनशिप में एक स्वर्ण और रजत पदक। सुरेखा को सात विश्व चैंपियनशिप मेडल और तीन एशियाड स्वर्ण पदक मिले। उन्होंने 27 वर्ष की आयु तक 53 इंटरनेशनल और 62 राष्ट्रीय पदक जीते हैं।

सुरेखा ने कहा, मेरे पास कुल 148.74 अंक हैं, जो सभी आवेदकों में सबसे अधिक हैं और सातविक और चिराग को दिए गए अंकों से कहीं अधिक हैं। एशियाड में दोहरे स्वर्ण पदक से मैंने 30 अंक अर्जित किए और मिश्रित टीम से एक महिला टीम स्वर्ण, मुझे क्रमश: 22 और 20 अंक मिले। उन्होंने आगे कहा, उन्होंने 2023 विश्व चैंपियनशिप महिला टीम गोल्ड से 13.33 अंक और उसी समय हासिल किए गए व्यक्तिगत ब्रॉन्ज से 10 अंक अर्जित किए। फिर 2021 विश्व चैंपियनशिप में, मुझे व्यक्तिगत सिल्वर में 15 अंक मिले, 11.25 मिश्रित टीम सिल्वर और टीम सिल्वर के लिए 10 अंक मिले। 2019 विश्व कप में मुझे व्यक्तिगत कांस्य के लिए 10 अंक और टीम कांस्य के लिए 6.66 अंक मिले। ये सभी उपलब्धियां चार साल के अवॉर्ड चक्र में आई हैं, और कुल 148.74 अंकों की गिनती हुई है। उन्होंने कहा, मैं इस लापरवाही से बहुत निराश हूं। मेरा मानना है कि मेरी उपलब्धियां मेरे लिए बोलती हैं।

# हरियाणा ने पहली बार जीती विजय हजारे ट्रॉफी: 30 साल पुराने टूर्नामेंट के फाइनल में राजस्थान को 30 रन से हराया

**राजकोट।**
हरियाणा की टीम ने विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। टीम ने वनडे टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में राजस्थान को 30 रन से हराया। सुमित कुमार प्लेयर ऑफ द फाइनल चुने गए। उन्होंने नाबाद 28 रन बनाने के साथ 3 विकेट भी हासिल किए। साथ ही तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने डेथ ओवर्स में शानदार गेंदबाजी की और 3 विकेट चटकाए।

राजकोट के मैदान पर हरियाणा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और 50 ओवर में 8 विकेट पर 287 रन बनाए। 288 रन का टारगेट चेज करने उतरी राजस्थान की टीम 48 ओवर में 257 रन पर ऑलआउट हो गई।

### अंकित और अशोक के अर्धशतक

टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी हरियाणा की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 3 रन पर पहला विकेट गंवा दिया। यहां युवराज सिंह एक रन बनाकर आउट हुए। ऐसे में अंकित कुमार (88 रन) ने हिमांशु राणा के साथ 47 बॉल पर 38 रन की पार्टनरशिप की। यहां हिमांशु 10 रन बनाकर आउट हो गई। हिमांशु के आउट होने के बाद अंकित ने अशोक मेनारिया के साथ 151 बॉल पर 124 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी ने टीम का स्कोर 150 पार पहुंचाया। मिडिल ऑर्डर में रोहित 20, निशांत 29, राहुल तेवतिया 24 और सुमित कुमार 28 रन बनाए। राजस्थान की ओर से अनिकेत चौधरी ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 10 ओवर में 49 रन देकर 4 विकेट लिए। उन्होंने 4.90 की इकोनॉमी से गेंदबाजी की। चौधरी के अलावा, अरफत खान ने 2 विकेट लिए।




### बेअसर रहा अभिजीत का शतक

स्कोर चेज कर रही राजस्थान के ओपनर अभिजीत तोमर ने शतकीय पारी खेली। उन्होंने 129 बॉल पर 10 चौके और 2 छक्के समेत 106 रन बनाए। कुनाल सिंह राठौर ने 79 रन बनाए। हरियाणा की ओर से सुमित कुमार और हर्षल पटेल ने 3-3 विकेट लिए। अंशुल और राहुल को 2-2 विकेट मिले।

# जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के कांस्य पदक के मैच में हारा भारत; सीनियर टीम बेल्जियम से हारी

**क्वालालंपुर।**
जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप में भारतीय टीम को कांस्य पदक के मुकाबले में स्पेन के हाथों 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। स्पेन की ओर से निकोलस अल्वारेज (25वां और 51वां मिनट) ने दो गोल किए। अन्य गोल पेटचैम (40वां मिनट) ने किया।

दो बार चैंपियन रह चुकी भारतीय टीम के लिए एकमात्र गोल सुनील जोजो ने 28वें मिनट में पेनॉल्टी कॉर्नर पर किया। यह इस बार स्पेन के खिलाफ भारत की दूसरी हार रही। पूल चरण में यूरोप की इस टीम से भारत को 1-4 से हार मिली थी। पिछली बार 2021 में भुवनेश्वर में हुए टूर्नामेंट में भी भारत चौथे स्थान पर रहा था।

### सीनियर भारतीय टीम भी हारी

वहीं, दूसरी तरफ सीनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम को स्पेन के वेलेंसिया में चल रहे पांच देशों के टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम के खिलाफ 7-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर से अभिषेक और जुगराज सिंह ने दो गोल किए।

पहले क्वार्टर में बेल्जियम ने सेड्रिक चार्लियर (पहले मिनट), एलेक्जेंडर हेंड्रिक्स (10वें मिनट) और थिब्यू स्टॉकब्रोक्स (13वें मिनट) के गोल की बदौलत भारत को बैकफुट पर ला दिया। बेल्जियम ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में थिब्यू स्टॉकब्रोक्स (16वें मिनट) के एक और गोल की मदद से बढ़त को और मजबूत कर दिया। अभिषेक (18वें मिनट) ने भारत के लिए मैदानी गोल किया लेकिन इसके बाद टॉम बून (26वें मिनट) ने एक और गोल किया जिससे भारत 5-1 से पिछड़ गया।



दूसरे क्वार्टर की समाप्ति के करीब जुगराज सिंह (27वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर स्कोर 5-2 कर दिया। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों के एक-दूसरे पर लगातार दबाव बनाने के बावजूद कोई गोल नहीं हुआ। बून (46वें मिनट) ने चौथे क्वार्टर के शुरू में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके बेल्जियम को चार गोल से आगे कर दिया, लेकिन हेंड्रिक्स (53वें मिनट) ने इसके बाद एक और गोल दागा। भारतीय टीम अंतिम क्वार्टर में मिले दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में नाकाम रही और मैच 7-2 से गंवा दिया। भारत का अगला मुकाबला 19 दिसंबर को जर्मनी से होगा।


इंग्लैंड में फुटबॉल मैच में प्लेयर को हार्टअटैक आया

# साथी खिलाड़ियों ने मैदान पर प्रार्थना की, फैंस भी रोते नजर आए

**डॉर्सेट।**
फिटनेस के मामले में प्लेयर्स का कोई मुकाबला नहीं। इस पर भी खिलाड़ी फुटबॉलर हो तो फिटनेस का लेवल अलग ही हो जाता है। अब यदि फुटबॉलर को मैच के दौरान हार्ट अटैक आ जाए तो क्या कहेंगे। इंग्लैंड में एक मैच के दौरान कुछ ऐसा ही हुआ।

प्रीमियर लीग का मैच इंग्लैंड के डॉर्सेट में वाइटैलिटी स्टेडियम में ल्यूटन टाउन और बोर्नमाउथ के बीच खेला गया। मैच के दौरान ल्यूटन टाउन के कैप्टन टॉम लॉकयर (29) को कार्डियक अरेस्ट आया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। लॉकयर की हालत स्थिर है। कुछ समय बाद मैच को रद्द कर दिया गया। लॉकयर की हार्ट सर्जरी हो चुकी है।

ल्यूटन टाउन के खिलाड़ियों ने मैदान पर अपने कप्तान के लिए प्रार्थना की। वहीं, फैंस भी अपने चहेते खिलाड़ी के लिए रोते नजर आए।



### मैच के सेकेंड हाफ में गिर पड़े थे लॉकयर

मैच के दौरान दूसरे हाफ में बोर्नमाउथ ने गोल कर स्कोर 1-1 की बराबरी पर कर लिया। इस गोल के एक मिनट बाद यानी 59वें मिनट में ल्यूटन के कप्तान गिर गए। इसके बाद ल्यूटन टाउन के मैनेजर रॉब एडवर्ड्स तुरंत मैदान के अंदर दौड़ पड़े। वहीं, दोनों टीमों के मेडिकल स्टाफ भी तुरंत ग्राउंड के अंदर पहुंचकर लॉकयर को फर्स्ट ऐड देना शुरू कर दिया। कुछ मिनट बाद उन्हें स्ट्रैचर पर ग्राउंड के बाहर ले जाया गया। मैच को 65 वें मिनट में रद्द कर दिया। चूंकि दोनों टीम के खिलाड़ी इस मानसिक स्थिति में नहीं थे कि वह आगे खेल जारी रख सकें। जब खेल रोका गया, तब स्कोर 1-1 की बराबरी पर था।

### क्लब ने मेडिकल स्टाफ का शुक्रिया अदा किया

ल्यूटन टाउन ने एक बयान में कहा कि हमारे मेडिकल स्टाफ ने कप्तान लॉकयर की कार्डियक अरेस्ट आने की पुष्टि की है। उन्हें जब स्ट्रैचर से मैदान से बाहर ले जाया गया, तब उनकी हालत ठीक थी। स्टेडियम के अंदर उनका आगे का इलाज किया गया और उसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। हम दोनों टीमों के मेडिकल स्टाफ का शुक्रिया अदा करते हैं। फैन्स को भरोसा दिलाते हैं कि लॉकयर की हालत स्थिर है और परिवार के लोगों की मौजूदगी में उनका इलाज चल रहा है। बोर्नमाउथ ने लॉकयर के हेल्थ अपडेट आने के बाद बयान जारी कर कहा कि हमें यह सुनकर राहत मिली कि लॉकयर की हालत स्थिर है।

### बिना भुजाओं वालीं तीरंदाज शीतल का शानदार फॉर्म जारी, ओपन श्रेणी में सोने पर साधा निशाना



**नई दिल्ली ।** बिना भुजाओं वालीं तीरंदाज शीतल देवी ने अपनी शानदार लय जारी रखते हुए प्रथम खेलो इंडिया पैरा गेम्स के कंपाउंड वर्ग की ओपन श्रेणी में स्वर्ण पदक हासिल किया। शीतल ने 141 का स्कोर किया। उत्तर प्रदेश की ज्योति बालियान दूसरे स्थान पर रहीं जिन्होंने 138 का स्कोर किया। हरियाणा की सरिता (137) को कांस्य पदक मिला। हाल ही में शीतल ने हांगझोऊ पैरा एशियाई खेलों में एक स्वर्ण सहित दो पदक जीते थे। रिकर्व तीरंदाजी में हरियाणा के हरविंदर सिंह, उत्तर प्रदेश के विवेक चिकारा और हरियाणा के ही साहिल को क्रमश: स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक मिला। महिलाओं की टेबल टेनिस-4 में टोक्यो पैरालंपिक की रजत पदक विजेता गुजरात की भाविना पटेल ने फाइनल में उषा राठौड़ को 3-0 (11-7, 11-1, 11-8) से हराया।

ध्यान साधना

# दुखों और रोगों से मुक्ति दिलाता है मेडिटेशन



ध्यान द्वारा अनेक लाभ होते हैं, ध्यान करने वाला सदा निरोग रहता है, उसे कभी भी कोई रोग नहीं होता। शरीर में भारीपन या आलस्य नहीं रहता, शरीर का वर्ण उज्जवल हो जाता है। ध्यान द्वारा हम सब प्रकार के दुखों से भी मुक्ति पा सकते हैं। साधारणतया जीवन में एक के बाद एक समस्याएं आती रहती हैं। उनसे बचने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय भी करते हैं। कई लोग दुखों से बचने के लिए शराब, सिगरेट व अन्य खतरनाक किस्म के नशों का प्रयोग करते हैं। इससे उनका दुख कम तो नहीं होता, अपितु और अधिक बढ़ जाता है। उनका शरीर भी नशे की अग्नि में जल कर भस्म हो जाता है। जो दुख आने पर नशा नहीं करते वे चिंताएं इतनी रखते हैं कि चिंता से उनकी चिता बन जाती है।

## ध्यान से रोगों और दुखों से छुटकारा

ध्यान द्वारा हम अनेक प्रकार के रोगों से ही नहीं, अनेक प्रकार के दुखों से भी छुटकारा पा सकते हैं। ध्यान द्वारा हम लाभ चाहते हैं तो हमें यह भी जानना आवश्यक है कि

## हम ध्यान कैसे करें?

ध्यान की सही प्रक्रिया क्या है?

ध्यान के लिए किन बातों का ध्यान रखा जाए?

ध्यान करने के लिए किस प्रकार बैठा जाए।

इस संबंध में योगी बताते हैं कि ध्यान करने बैठें तो सिर, गला और छाती उठाए रख कर सीधी रखें, इधर-उधर न झुकने दें एवं शरीर सीधा और स्थिर रखें। यदि हम सिर, गला और छाती सीधे न रखेंगे, तो निद्रा और आलस्य के कारण ध्यान नहीं सध पाएगा। इसके और भी कारण हैं। मेरुदंड सीधा रखना आवश्यक है।

## यह अवश्य रखें ध्यान

ध्यान करने बैठें तो यह अवश्य ध्यान रखना चाहिए कि शरीर को अकड़ाया न जाए, बल्कि उसे सरल और सहज ढंग से सीधा रखा जाए। जब हम ध्यान में एकाग्रता का प्रयास करते हैं, तो इंद्रियां जैसे बरबस ही विषयों की तरफ भागने लगती हैं। ऐसा करने का उनका पुराना अभ्यास पड़ा हुआ है। अत~ इंद्रियों को बाहरी विषयों से हटाकर परमात्मा अथवा उसके स्वरूप दिव्य ज्योति में ध्यान लगाना चाहिए। जहां ध्यान किया जाए वहां आसन की भूमि समतल होनी चाहिए, वहां कूड़ा-करकट नहीं होना चाहिए। ध्यान का अभ्यास करने वाले की प्रकृति यदि ठीक है, तो शुरू से उसे कभी कोहरा दिखाई देता है, कभी धुआं दिखाई देता है, कभी सूर्य के समान प्रकाश दिखाई देता है, कभी आग जैसा तेज दिखाई देता है, कभी जुगनू की टिमटिमाहट-सी दिखाई देती है। ऐसे दृश्य यह आभास देते हैं कि ध्यान-साधना प्रगति पथ पर है और ध्यान में उन्नति हो रही है।

ध्यान की प्रक्रिया निरंतर चलती रहने से एक स्थिति यह आती है कि ध्यानी को पृथ्वी, जल, तेज, वायु एवं आकाश पर अधिकार प्राप्त हो जाता है। इन महाभूतों से संबंधित पांचों योगविषयक सिद्धियां प्राप्त हो जाती हैं। जब शरीर ध्यानस्थ होता है, तो परमात्मा की कृपा बरसती है। सभी प्रकार के दुखों का अंत हो जाता है। रोगनाश के लिए ध्यान एक अत्यंत प्रभावशाली उपाय है। ध्यान करने वाला आत्मतत्व के द्वारा ब्रह्मतत्व को भली-भांति प्रत्यक्ष कर लेता है और फिर वह सब प्रकार के बंधनों से सदा के लिए छूट जाता है।

# ईर्ष्या से ग्रसित इंसान स्वयं को पहुंचाता है नुकसान



इंसान विपरीत भावों के जाल में उलझता हुआ जीता है। उसके कुछ भाव सकारात्मक होते हैं और कुछ नकारात्मक। प्रेम, सद्भाव, सेवा और त्याग की प्रवृत्ति जहां जीवन के उत्थान का कारण बनती है, वहीं दूसरी ओर क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष जैसे भाव मानव को कितना नुकसान पहुंचाते हैं, इसकी अनुभूति उसे खुद भी नहीं हो पाती। इनमें ईर्ष्या एक नकारात्मक भाव है, जिसकी तीव्रता कभी मंद तो कभी तेज प्रतीत होती है। कहीं-कहीं तो अत्यधिक ईर्ष्या से ग्रस्त प्राणी दूसरों को हानि पहुंचाने के साथ स्वयं अपने विनाश की ओर अग्रसर होता जाता है। यदि यह मानें कि चिंता चिता के समान है तो ईर्ष्या उसकी अग्नि है। तभी तो इसे जलन की संज्ञा दी जाती है। स्वभाव में ईर्ष्या का पुट कहीं न कहीं अपने आप में छोटेपन का परिचायक है। मनुष्य प्रत्येक क्षेत्र में सफल नहीं हो सकता, परंतु अविवेकी लोग यह मानने लगते हैं कि मैं सबसे अग्रणी हूं, मुझसे अच्छा या योग्य और कोई नहीं। ऐसी परिस्थिति में जब वे वह नहीं प्राप्त कर पाते जो दूसरे आसानी से भोग रहे होते हैं तो वे ईर्ष्या के भाव से ग्रस्त होने लगते हैं। यह भाव उनकी प्रकृति व संस्कार का हिस्सा बन जाता है। फिर ईर्ष्या जन्म देती है क्रोध और



घृणा को, जो और भी भयंकर परिणाम का कारण बनते हैं।

मनोविज्ञानी भी इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि एक सीमा से आगे पहुंचकर ईर्ष्या मनुष्य को एक प्रकार की रुग्णावस्था में पहुंचा देती है। दुर्भाग्य तो यह है कि उसे इस विषम परिस्थिति का ज्ञान ही नहीं हो पाता कि कब ईर्ष्या की मनोदशा उसे किस दलदल में धंसाने लगती है। ईर्ष्या एक ऐसा छिपा हुआ भाव है जिसे मनुष्य जानते-समझते हुए भी अस्वीकार करता रहता है। वैज्ञानिक विश्लेषण यहां तक सिद्ध करने का दावा करते हैं कि क्रोध और ईर्ष्या की स्थिति में शरीर में नुक्सानदेह हार्मोन का स्रव ज्यादा होता है। ईष्या से ग्रस्ति प्राणी स्वयं अपने को ही पीड़ा देता है। यदि दूसरों से व्यर्थ की होड़ न करके संयम रखते हुए मनुष्य खुद को ऊपर उठाने में प्रयासरत रहे तो कोई कारण नहीं कि ईर्ष्या जैसी अग्नि से बचा न जा सके।

# सेहत के लिए हानिकारक हैं ये फूड

आज के समय में ज्यादातर लोग बाहर की चीज़ें खाना पसंद करते है। ये उनकी सेहत के लिए बिल्कुल अच्छी नहीं होती। लेकिन हम अपनी डेली रूटीन में भी घर पर ऐसी कई चीज़ों का सेवन करते हैं, जो हमारी सेहत के लिए हानिकारक होती है। बावजूद इसके हम अपनी व्यस्त लाइफ के कारण अपने खान-पान पर ध्यान नहीं देते और जाने-अनजाने में घर बैठे कई बीमारियों को बुलावा दे देते हैं। आईए जानते हैं उन हानिकारक चीजों के बारे में

**पैक्ड फूड:** चॉकलेट, पैक्ड जूस, पॉपकॉर्न इन सभी में आर्टिफिशियल रंग मिला होता है, जो



हमारे शरीर के लिए हानिकारक होता है। इसलिए इनका सेवन करने से बचें।

**बासी खाना:** बहुत से लोग रात के बचे चावल या बासी खाना अगले दिन खा लेते हैं, जिसे खाने से आपकी सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

**अचार:** अधिक मात्रा में अचार खाने से भी जुकाम, सूजन और गांठ जैसी बीमारी हो सकती है।

**अंडा और दूध:** किसी भी जानवर से निकलने वाली चीज़े जैसे कि दूध या अंडा बिना उबाले नहीं खाना चाहिए। इससे आप बीमार का शिकार हो सकते हैं।

**चाय या कॉफी:** अक्सर लोग सुबह उठकर खाली पेट चाय या कॉफी पीते हैं। इससे पेट में एसिडिटी की समस्या होती है।

घरेलू उपाय

# हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी फटी एड़ियों की परेशानी



सर्दियों में फटी एड़ियों की परेशानी आम है. लेकिन ये और भी बुरी उस वक्त हो जाती है जब पैरों की रेगुलर केयर ना की जाए. रोज़ाना एड़ियों पर ध्यान ना देने से स्किन दिन ब दिन सख्त होने लग जाती है और ड्राय होकर फटने लगती है. फटने पर इसमें दर्द शुरु हो जाता है. अगर आप इस परेशानी से नहीं जूझना चाहती हैं तो पैरों का भी चेहरे की तरह ध्यान रखें और नीचे दिए गए टिप्स को अपनाएं.

1. सर्दियों में सबसे असरदार है पैट्रोलियम जैली. इसे बस आपको रोज़ाना रात को लगाना है. इसके लिए पैरों को अच्छे से धोने के बाद कॉटन तौलिए से पोंछे. उसके बाद एड़ियों पर वैसलीन लगाएं और मोज़े पहनकर सोएं.

2. सर्दियों में घर में भी मोज़े पहनकर रखें. बेहतर होगा कि आप सुबह नहाने के बाद भी पैरों को पोंछकर मॉइश्चराइज़र लगा लें. पैरों को खुला कम रखें. धूप में पैरों की गरम तेल से अच्छी तरह मालिश करें.

3. पैरों को हफ्ते में एक बार पेडीक्योर करें. इससे आपके पैरों की एक्स्ट्रा स्किन की लेयर हट जाएगी. इसके लिए आधा बाल्टी गरम पानी में थोड़ा नमक और शैम्पू डालें. नमक में ऐसी एक्सफोलिएटिंग प्रॉपर्टीज़ होती हैं, जिससे डेड स्किन जल्दी निकल जाती है. नेलपेंट हटाकर पैरों को पानी में डुबोएं. इससे आपके पैरों से सभी बैक्टिरिया भी निकल जाएंगे. फुट स्क्रबर से पैरों को 15 से 20 मिनट साफ करें. उसके बाद तौलिए से पोंछकर क्रीम लगाकर मोज़े पहन लें.

4. अगर आपकी एड़िया बहुत ही ज़्यादा फटी हो तो रात को सोने से पहले पैरो को साफ करके एड़ियों में गुनगुना मोम लगा लें. इससे आपकी फटी ए?ियां जल्दी ठीक हो जाएंगी.

5. अगर आपको रोज़ाना मोज़े नहीं पहनने हो तो नहाने के बाद एड़ियों को हल्का स्क्रब करें और सरसों या फिर नारियल का तेल ज़रूर लगाएं. ये दोनों ऑयल भी डेड स्किन को खत्म कर त्वचा को जल्दी रिकवर करते हैं.

# डायबिटीज मरीज के लिए वरदान है कसूरी मेथी

सर्दियों में कसूरी मेथी का अधिक सेवन किया जाता है, जो हरे पत्तेदार सब्जियों में आती है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद है। कसूरी मेथी में कैल्शियम, आयरन और विटामिन भरपूर मात्रा में होते है। इसमें पाएं जाने तत्व शरीर में बैक्टीरिया और फंगस इंफैक्शन से लड़ने में मदद करते है। इसके अलावा भी इसके सेवन से कई तरह की परेशानियों दूर होती है। आइए जानते है कैसे।

**पेट की प्रॉबल्म :** कसूरी मेथी पेट की समस्याओं में काफी फायदेमंद है। इसके सेवन से कब्ज, दस्त, एसिडिटी जैसी प्रॉबल्म दूर रहती है। अगर पेट में किसी प्रकार की एलर्जी भी हो तो इसमें कसूरी मेथी काफी फायदेमंद हो सकती है।

**कोलेस्ट्रॉल रखें कंट्रोल :** कसूरी मेथी एथेरोस्क्लेरोसिस को कम करने में मदद करती है। लिपिड फ्लकचुएशन से पीड़ति रोगी के लिए कसूरी मेथी काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। यह कोलेस्ट्रॉल के लेवल को ठीक रखती है।

**डायबिटीज :** कसूरी मेथी एंटी-डाबेटिक एलिमेंट की तरह काम करती है जो टाइप-2 डायबिटीज से ग्रसित मरीज के लिए काफी फायदेमंद है। इसलिए ऐसी स्थिति में कसूरी मेथी का सेवन करें।

**त्वचा के लिए लाभकारी :** कसूरी मेथी में विटामिन और आयरन भरपूर होता है जो त्वचा को किसी भी तरह की इंफेक्शन से बचाएं रखते है। इसके सेवन से चेहरे पर पिंपल्स और डार्क सर्कल की समस्या नहीं होती।

# वैसलीन को इन तरीकों से करें इस्तेमाल



सर्दियों में फटे होंठों को मुलायम और हाथों को कोमल बनाने के लिए हर घर में पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल होता आ रहा है. इसके अलावा, पैरों की फटी एड़ियों को भी फिर पहले जैसी खूबसूरत बनाने के लिए पेट्रोलियम जेली लगाई जाती है. लेकिन सिर्फ हाथ-पैरों को सुंदर बनाने के अलावा पेट्रोलियम जेली को और भी कई तरीकों से इस्तेमाल किया जा सकता है. आपको बता दें कि पेट्रोलियम जेली को ज़्यादातर लोग वैसलीन के नाम से जानते हैं. यहां जानिए इसके चौंका देने वाले 7 फायदों के बारे में, जिससे आप सभी अब तक अनजान रहे हैं.

1. अगर आप हर वक्त महकना चाहते हैं और बार-बार परफ्यूम लगाने के झंझट से बचना चाहते हैं तो इसे लगाने से पहले उस जगह पेट्रोलियम जेली लगा लें. जैसे आपको गर्दन और कलाईयों पर परफ्यूम लगाना है तो उस जगह पहले थोड़ी पेट्रोलियम जैली यानी वैसलीन लगा लें और फिर परफ्यूम स्प्रे करें. इससे खुशबू पूरे दिन बनी रहेगी.

2. शूज़ को पॉलिश करने वाली वैक्स खत्म हो जाए और आपको जूते चमकाने हो! तो ऐसे में थोड़ी-सी पेट्रोलियम जेली अपने जूतों पर लगाएं और साफ कपड़े से इसे रगड़ें. ऐसा करने से आपके जूते शाइन करने लगेंगे. पेट्रोलियम जेली का बेस्ट पार्ट ये है कि इससे आप किसी भी रंग के शूज़ और हील्स को चमका सकते हैं.

3. सर्दियों में सिर्फ आपके या हमारे नहीं बल्कि जानवरों के नाखून भी सूख जाते हैं. अगर आपके घर में पालतू जानवर हों तो आप अपने पेट्स के नाखूनों के आस-पास थोड़ी पेट्रोलियम जेली से मसाज कर सकते हैं. ध्यान रखें जेली कम मात्रा में ही लगाएं ताकि वो इसे चाट ना सकें. इससे उनके नाखून चमक उठेंगे. अगर आपके पालतू जानवर को कोई समस्या पहले से हो तो आप पेट्रोलियम जेली के इस्तेमाल से पहले पशुचिकित्सक से सलाह ज़रूर लें.

4. आप बाहर जाने को तैयार हों और अचानक आपकी चेन खराब हो जाए! ऐसी सिचुएशन में गुस्सा होने के बजाय ज़रा सी पेट्रोलियम जेली चेन पर लगाएं और उसे दो-तीन बार ऊपर-नीचे करें. बस आपकी चेन अब ठीक हो गई है. कुछ लोल मोम का भी इस्तेमाल करते हैं, लेकिन पेट्रोलियम जेली से भी ये काम किया जा सकता है.

5. बालों में जूंओं हो जाना? पेट्रोलियम जेली आपकी इस परेशानी को भी खत्म कर सकता है. इसके लिए जेली को अपनी स्कैल्प पर लगाएं और थोड़ी देर बाद बालों को धो लें. इससे आपके जुएं तो कम हो जाएंगे लेकिन पेट्रोलियम जेली सिर से पूरी तरह निकालने के लिए कई बार धोना पड़ सकता है.

6. आपने नोटिस किया होगा जो लोग बालों को कलर करते हैं उनकी गर्दन और माथा दोनों भी रंग जाते हैं. आपके साथ ऐसा ना हो इसीलिए बालों को कलर करने से पहले माथे और गर्दन सभी जगह अच्छे से पेट्रोलियम जेली लगा लें. इससे आपके बालों का रंग आपकी स्किन पर नहीं आएगा.

7. हर लड़की रोज़ाना बाहर जाने से पहले मेकअप करती है. जितनी मेहनत वो इसे चेहरे पर लगाने में करती है उससे ज़रा सा भी समय अगर वो हटाने में करे तो चेहरे पर दाग-धब्बे, रिंकल्स नहीं हों. इसके लिए कॉटन में थोड़ी-सी पेट्रोलियम जेली लगाकर चेहरा साफ करें. इससे आपका आई मेकअप भी हट जाएगा.



# चर्बी कम करती है नींबू की चाय

नींबू की चाय तो सभी हैं लेकिन इसके फायदे कम ही जानते हैं। नींबू की चाय पीने से पेट की चर्बी कम होती है। आयुर्वेद के जानकार मदन जोगी इसके फायदे बता रहे हैं।

## यह हैं नींबू की चाय पीने के फायदे

नींबू की चाय पेट पर जमा होने वाली चर्बी को कम करती है। इसके अलावा नींबू में पाया जाना वाला विटामिन सी शरीर से जहरीले पदार्थ को भी बाहर निकालता है।

नींबू की चाय जुखाम में ही राहत पहुंचाती है। दिन में दो तीन बार पीने से यह खराब गले में भी राहत पहुंचाता है। इसके अलावा नींबू की चाय से शरीर का इम्युन सिस्टम भी मजबूत होता है।

नींबू की चाय पीने से दिमाग ताजा रहता है और मानसिक थकावट नहीं होती है। नींबू की चाय पीने से सिरदर्द, कमजोरी और सुस्ती भी दूर होती है।

नींबू की चाय डायबिटिज के रोगियों के लिए भी फायदेमंद है। नींबू की चाय पीने से शरीर में इंसुलिन का स्त्राव बढ़ता है जिससे शुगर नियंत्रित रहता है।

रेसिपी

## शकरकंद-आलू के पकौड़े



### सामग्री

शकरकंद- 1 कप कसा हुआ, कच्चे आलू- 1 कप छिले और कसे हुए, मूँगफली पाउडर- 2 चम्मच, अरारोट पाउडर- 1 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर- 1/2 चम्मच, धनिया- बारीक कटा हुआ, हरी मिर्च- 1 बारीक कटी हुई, नमक- स्वादानुसार, तेल- तलने के लिए

### विधि

सबसे पहले कसे हुए शकरकंद और आलू को एक बड़े बोल में डाल कर अच्छी तरह मिला लीजिए। अब मूंगफली पाउडर, आरारोट पाउडर, महीन कटी प्याज, हरी मिर्च, लाल मिर्च पाउडर और हरी धनिया को इस मिश्रण में डालकर अच्छी तरह मिला लें। अब कढ़ाई को गैस पर रख कर इसमें तेल डाल कर गरम करें। इस मिश्रण के बराबर आकार के हथेली के बीच में रख कर छोटे छोटे गोले बना लें। गर्म तेल में आहिस्ता से एक बार में चार से पांच गोले डालें। इन्हें हलका सुनहरा होने तक मध्यम आंच पर तल लें ताकि ये अंदर तक सिक जायें और कुरकुरे हो जायें। इसी प्रकार सारे पकौड़े तल लें। गरमा गरम पकोड़ों को हरे धनिए की चटनी या सॉस के साथ सर्व करें।

## हरा भरा मेथी पुलाव



### सामग्री

1-1/2 कप बासमती चावल, 1 कप हरा मटर, 50 ग्राम पनीर (छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर तल ले), 100 ग्राम मेथी पत्ता (कटा हुआ), 2 टमाटर (कटे हुए), 4-5 लहसुन का पेस्ट, 2-3 हरी मिर्च कटी हुई, 1/4 टी स्पून हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और नमक स्वादानुसार, टे.स्पून तेल/बटर।

### विधि

मेथी पत्ते को अच्छी तरह धो ले। पैन में तेल डालकर गरम करे और लहसुन पेस्ट डालकर हल्का भूरा होने तक भूने। उसके बाद कटा टमाटर, मटर, मेथी, हरी मिर्च, नमक, लाल मिर्च पाउडर और हल्दी पाउडर पैन में डालकर 8/9 मिनट तकअच्छी तरह भून ले। चावल को भी पैन में डालकर 5 मिनट तक फ्राई करे। उसके बाद पानी डालकर पांच मिनट तक धीमी आंच पर पकाए। तले हुए पनीर को चावल के ऊपर डाल कर रायते के साथ सर्व करें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**